शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 174 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांवड़ मार्ग में दुकानों पर लिखना होगा नाम: योगी

## सीएम योगी का बड़ा फैसला: हलाल प्रोडक्ट बेचने पर होगी कार्रवाई

### कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी सरकार के आदेश पर विवाद: प्रियंका गांधी ने कहा-यह लोकतंत्र पर हमला; एनडीए के 3 सहयोगी दल भी विरोध में

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। उधर, इस फैसले का अखिलेश यादव और मायावती ने कड़ा विरोध किया है।

**गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते जैसे नामों से क्या पता चलेगा: अखिलेश**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा।




### उत्तराखंड में भी कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों को लिखना होगा मालिक का नाम आदेश जारी

**उत्तराखंड**

**उत्तर** प्रदेश की तरह अब उत्तराखंड में भी कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को होटल और ढाबे वालों को रेट लिस्ट के साथ ही अपना नाम भी लिखना होगा।हरिद्वार पुलिस प्रशासन ने रेस्तरां मालिकों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया है। हरिद्वार एसएसपी परमेंद्र डोबाल ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर जो होटल, ढाबे, रेस्तरां हैं या जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें उनके मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखना होगा।

## मुजफ्फरनगर पुलिस का आदेश बिगाड़ सकता है माहौल: बसपा सुप्रीमो मायावती

### कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है



**बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है। यह सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ सकता है। जनहित में प्रदेश सरकार को इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने बृहस्पतिवार को एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने संभल जिले में स्कूली बच्चों के जूते उतारने के मामले पर कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी बेसिक स्कूलों में शिक्षक व छात्रों को कक्षा में जूते-चप्पल उतार कर जाने का अनुचित आदेश भी चर्चा में है। इस मामले में भी राज्य सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

## जाति-धर्म के नाम पर विभाजन का समर्थन नहीं: चिराग पासवान



**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुजफ्फरनगर पुलिस के उस फरमान का विरोध किया है, जिसमें ढाबा संचालकों व खानपान के अन्य दुकानों पर दुकानदारों को अपना नाम लिखने को कहा गया है।

**मैं नहीं करता समर्थन- चिराग पासवान**

चिराग पासवान ने कहा कि वह जाति या धर्म के नाम पर किसी भी विभाजन का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जारी गाइडलाइंस का विरोध करते हुए कहा कि मैं इसका समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि समाज में सिर्फ दो वर्ग अमीर और गरीब हैं। चिराग पासवान ने कहा कि विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग इसी दोनों श्रेणियों में आते हैं। हमें गरीब और अमीर दो वर्गों के बीच की खाई को पाटने की जरूरत है। गरीब लोगों के लिए काम करना हर सरकार की जिम्मेदारी है। देश के किसी भी हिस्से में अगर जाति या धर्म के नाम पर विभाजन का प्रयास होता है तो मैं इसका समर्थन नहीं करता।

**- चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री**

वहीं, मुजफ्फरनगर पुलिस के बाद अब यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर 'नेमप्लेट' को अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से शुक्रवार को जानकारी दी गई कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

## 10-20 हजार रुपये लेकर बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराते हैं दलाल

**शिलांग**

सामाजिक संगठन हिनीवट्रेप अचिक नेशनल मूवमेंट (एचएएनएम) ने दावा किया कि राज्य में सीमा के क्षतिग्रस्त या बिना बाड़ वाले हिस्सों के जरिये दलाल बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराते हैं। दलाल अवैध घुसपैठ कराने के लिए प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपये से 20 हजार रुपये ले रहे हैं। एचएएनएम के अध्यक्ष लामफ्रांग खरबानी ने कहा कि संगठन की टीम ने गुरुवार को डीजीपी से मुलाकात की और राज्य में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध प्रवेश को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से में बाड़ नहीं है। गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "बांग्लादेशियों के अवैध प्रवेश को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी कि ऐसी अवैध गतिविधियां तत्काल बंद हो जाएं।"

## महाराष्ट्र में कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विस चुनाव!

**नई दिल्ली**

**देश में** तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी समाजवादी पार्टी अब अपने विस्तार के लिए नए-नए सियासी रास्ते खोजने के लिए आगे बढ़ चली हैं। इस कड़ी में सबसे पहला पड़ाव समाजवादी पार्टी का महाराष्ट्र बना है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के सभी 37 सांसदों का शुक्रवार को स्वागत समारोह होने जा रहा है। स्वागत समारोह के बहाने समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में अपनी सियासी जमीन की मजबूती तलाशने की पूरी तैयारी में है। वहीं सूत्रों की मानें तो महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के गठबंधन वाले महाविकास अगाढ़ी के साथ मिलकर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में होने वाले महानगरपालिका के चुनाव में भी शिरकत करने के लिए जमीनी तैयारी में लगी है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बाद अपने विस्तार के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की मानें, तो इस विस्तार में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर निकलकर मजबूती के साथ अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसमें सबसे पहले सियासी जनाधार की मजबूती महाराष्ट्र में तैयार की जा रही है।

## हरियाणा में न्यूनतम मासिक पेंशन राशि तीन हजार रुपये मिलेगी

### करीब सवा लाख पुराने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगा लाभ



**चंडीगढ़**

हरियाणा में अब तीन हजार रुपये से कम मासिक पेंशन वाले कर्मचारी भी बुढापा पेंशन के हकदार होंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी की घोषणा के बाद शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा में करीब सवा लाख कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें ईपीएफ की पेंशन राशि राज्य में बुढ़ापा पेंशन राशि तीन हजार से भी काफी कम है।

हरियाणा में अब तीन हजार रुपये से कम मासिक पेंशन वाले कर्मचारियों को भी बुढ़ापा पेंशन का लाभ मिलेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा सरकार में करीब सवा लाख कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें ईपीएफ की पेंशन राशि राज्य में बुढ़ापा पेंशन से भी काफी कम है। प्रदेश सरकार इस समय तीन हजार रुपये मासिक बुढ़ापा पेंशन दे रही है। जिसे बढ़ाए जाने को लेकर सरकार पहले ही मंथन कर रही है। सत्ता में आने पर कांग्रेस छह हजार तो इनेलो-बसपा गठबंधन 7500 रुपये बुढ़ापा पेंशन का ऐलान कर चुका है। सरकार को पता चला था कि प्रदेश में एचएमटी, एमआईटीसी आदि समेत कई विभागों के ऐसे कर्मचारी हैं जिनकी मासिक पेंशन समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से मिलने वाली पेंशन से भी कम है। इन कर्मचारियों को ईपीएफ से पेंशन की राशि एक हजार रुपये से लेकर दो हजार रुपये मासिक तक ही मिल पा रही है।

## चंडीगढ़-मोहाली रोड से प्रदर्शनकारियों को हटाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिसमें अधिकारियों को चंडीगढ़-मोहाली सड़क को प्रदर्शनकारियों से खाली कराने के लिए कहा गया था। इस साल मई में एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। शुक्रवार को जस्टिस बीआर गवई, केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एक गैर सरकारी संगठन और अन्य से नई याचिका पर जवाब मांगा। इसी एनजीओ की याचिका पर हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया था। हाईकोर्ट ने दिया था ये आदेश



पीठ ने इस याचिका को उसी मुद्दे को उठाने वाली एक लंबित याचिका के साथ संलग्न कर दिया। हाईकोर्ट ने नौ अप्रैल के अपने आदेश में कहा था कि बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद न तो पंजाब राज्य और न ही केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ यात्रियों की शिकायतों का समाधान करने में सक्षम है।

**क्या है प्रदर्शनकारियों की मांग?**

हाईकोर्ट ने कहा था कि केवल इस तथ्य के आधार पर कि कुछ प्रदर्शनकारी गुरु ग्रंथ साहिब को रखकर धार्मिक वैधता की ढाल के पीछे छिपे हुए हैं, राज्य को संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का कारण नहीं कहा जा सकता है। प्रदर्शनकारी 1993 के दिल्ली बम विस्फोट के दोषी देविंदरपाल सिंह भुल्लर सहित अन्य सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने एसआई की भर्तियों पर हरियाणा सरकार को नोटिस जारी




**चंडीगढ़**

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा पुलिस में 465 सब-इंस्पेक्टरों की भर्ती के मामले में शुक्रवार को हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस को लेकर भर्ती सब-इंस्पेक्टरों की नौकरियों पर सवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, एक याचिका में बताया गया है कि 400 पुरुष व 65 महिला एसआई की नियुक्ति का परिणाम सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का लाभ देकर जारी किया और उनकी नियुक्ति दी गई। राज्य सरकार के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। भर्ती के खिलाफ याचिका दायर करने वाले प्रदीप प्रिंस शर्मा और अन्य ने हाई कोर्ट को बताया है कि हरियाणा में 400 पुरुष व 65 महिला सब-इंस्पेक्टरों के पदों के लिए 2021 में आवेदन मांगें थे। याचिकाकर्ता नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हुए और उन्हें दस्तावेजों की जांच के लिए भी बुलाया गया, लेकिन अंतिम सिलेक्शन लिस्ट में उनका नाम नहीं था। याचिकाकर्ता के अनुसार लिखित परीक्षा में उनसे कम अंक पाने वालों को बोनस अंकों के लाभ देने से चयन सूची में स्थान दिया गया और उन्हें नियुक्ति भी दे दी गई।

इन अतिरिक्त अंकों का लाभ एक प्रकार से आरक्षण है और इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट यह स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। हाल ही में सीईटी के तहत हो रही ग्रुप-सी व डी की भर्तियों में भी हाई कोर्ट इन अंकों के लाभ को असंवैधानिक करार दे चुका है। यदि इन अंकों को हटा कर मेरिट लिस्ट जारी की जाती है तो याचिकाकर्ता का नाम भी लिस्ट में आ सकता है। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट से अपील की है कि भर्ती परिणाम को रद्द किया जाए और बिना इन अंकों का लाभ दिए नए सिरे से लिस्ट तैयार की जाए।

## संसद में व्यवधानों को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जताई चिंता

**नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही के दौरान व्यवधान की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। कहा कि जब व्यवधान सुर्खियां बन जाते हैं और व्यवधान डालने वालों को नायक के रूप में सम्मानित किया जाता है, तो पत्रकारिता लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के अपने कर्तव्य में विफल हो जाती है। उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में छात्रों



के साथ बातचीत करते हुए ये बातें कहीं। धनखड़ ने मीडिया से संसदीय कार्यवाही को कवर करने में अपनी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने संसदीय कार्यवाही में व्यवधानों को लेकर कही ये बात

व्यवधान को महिमामंडित करने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने मीडिया से पक्षपातपूर्ण विचारों से ऊपर उठने और राजनीतिक एजेंडों के जुड़ाव से बचने और आत्मनिरीक्षण का आह्वान किया। संविधान सभा जहां लोकतांत्रिक आदर्शों का सम्मान किया जाता था और व्यवधान नहीं के बराबर थे के साथ तुलना करते हुए उपराष्ट्रपति ने संसदीय कार्यवाही में व्यवधानों की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई।

## हरियाणा के सभी लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस लगाएगी प्रशिक्षण शिविर

**चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने हरियाणा में प्रशिक्षण समन्वयकों की नियुक्ति कर गई है। पार्टी ने सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए समन्वयक भी नियुक्त कर दिए हैं। कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कांग्रेस की नीतियों से अधिक से अधिक लोगों को अवगत करवाने के लिए कार्यकताओं की एक टीम तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोकसभा क्षेत्र स्तर पर प्रशिक्षण शिविरों का अयोजन करके उन्हें बूथ स्तर पर पार्टी के विस्तार के लिए तैयार किया जाए।

बाबरिया के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी दस लोकसभा हलकों में प्रशिक्षण समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। पन्नालाल को सोनीपत, श्याम शर्मा को कुरुक्षेत्र, अरुण सर्राफ को भिवानी, डॉ. अनिल पवार को गुरुग्राम और राहुल वशिष्ठ को फरीदाबाद की जिम्मेदारी दी गई है।

## भारत को अपनी राय रखने का अधिकार: विदेश मंत्रालय

### पीएम मोदी के रूस दौरे पर अमेरिका ने दिखाई तल्खी तो भारत ने दिया करारा जवाब

### गासेर्टी ने कहा था- संघर्ष के वक्त रणनीतिक स्वायत्तता नहीं होती है।

### पीएम मोदी की रूस यात्रा के बाद आई थी एरिक गार्सेटी की टिप्पणी

**नई दिल्ली**

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की 'रणनीतिक स्वायत्तता' वाले बयान पर



"भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक, रणनीतिक, वैश्विक साझेदारी है। हमारे पास चर्चा करने के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं"

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कई अन्य देशों की तरह भारत भी अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व देता है। अमेरिकी राजदूत को अपनी राय रखने का अधिकार है। हमारे विचार भी अलग-अलग हैं। अमेरिका के साथ हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी हमें एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करते हुए कुछ मुद्दों पर असहमत होने के लिए सहमत होने की गुंजाइश देती है।

**क्या कहा था एरिक गार्सेटी ने?**

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के बाद अमेरिका भड़क गया था। इसके बाद एक कार्यक्रम में एरिक गार्सेटी ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। गासेर्टी ने कहा था कि कोई युद्ध दूर नहीं है। संघर्ष के समय रणनीतिक स्वायत्तता लागू नहीं होती है। हालांकि वे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान करते हैं।


**भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को पसंद करता है**

गार्सेटी ने कहा था कि मैं इस बात का सम्मान करता हूं कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को पसंद करता है, लेकिन संघर्ष के समय में रणनीतिक स्वायत्तता जैसी कोई चीज नहीं होती। संकट के समय हमें एक-दूसरे को जानने की जरूरत होगी। मुझे परवाह नहीं है कि हम इसे क्या नाम देते हैं।

# आपसी कलह के चलते पति-पत्नी ने खाया जहर, मौत

अखण्ड भारत संदेश

## असामयिक निधन पर सभी के आंखे नम





**मांडा।** आपसी कलह को लेकर पति-पत्नी ने एक साथ जहर खा लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने पहले सीएचसी, फिर शहर ले गए, लेकिन तब तक दोनों के जीवन का अंत हो चुका था। थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत अछोला ग्राम पंचायत के सराय खुर्द गांव निवासी बाल मुकुंद शुक्ल के पुत्र(32)वर्षीय रत्नेश शुक्ल और रत्नेश की पत्नी(30)वर्षीय ऋतु शुक्ला ने गुरुवार रात लगभग दस बजे जहर खा ली। जानकारी होने पर परिजन रामनगर सीएचसी ले गए, लेकिन दोनों की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने प्रयागराज एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन प्रयागराज पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने दंपती को मृत घोषित कर दिया। पति-पत्नी दोनों का शव गांव आया। शव घर पहुंचते ही आठ साल की बेटी लाडो और छह साल के बेटे ऋतिक शुक्ला सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शुक्रवार सुबह स्थानीय कोठरी गंगा घाट ऋतु का मायका मांडा थाना क्षेत्र के परसीधी गांव में है। घटना की जानकारी परसीधी गांव में पहुंचते ही वहां भी कोहराम मच गया। पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों तक घटना की सूचना से बौखलाए मांडा पुलिस ने तत्काल मृतकों के दोनों परिवारजनों को थाने बुलाया और पूछताछ कर मृतक का कारण पूछा तो दोनों पक्षों के परिजनों ने बताया कि पूर्व में ऐसी कोई मतभेद नहीं था। यह इन दोनों पति- पत्नी के बीच क्या हुआ कि ऐसा कदम उठा लिया। वहीं मृतका ऋतु शुक्ला के पिता ने गवाहों के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि बेटी ऋतु के सुसराल के कोई शिकवा गिलवा नहीं था। जिससे कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं। मृतका रत्नेश शुक्ला अपने माता पिता का इकलौता बेटा था जो खेती किसानी करके अपने पत्नी व दो बच्चों सहित माता पिता का भरण पोषण करता था।

**दो दाम्पत्य का मिलन को चाचा ने बताया :** मृतक के चाचा हरी शंकर शुक्ल ने बताया कि रत्नेश शुक्ला एक अनोखा लड़का था। इनकी असामयिक निधन पूरे परिवार के लिए बज्रपात के समान है। जब मेरे भाई बाल मुकुंद शुक्ल मेजा कताई मील में काम कर रहे थे उसी दरम्यान लड़की के पिता भी उसी कताई मील में काम किया करते थे। दोनों के बीच एक मधुर सम्बन्ध स्थापित होने पर एक दूसरे की पत्नी गर्भ में बच्चा पल रहा था तभी दोनों ने यह वादा किया कि यदि पत्नि के गर्भ से लड़का व लड़की पैदा होता है तो दोनों का विवाह करके आपसी प्रेम प्रगाणता बढ़ाएंगे। जो ईश्वर की कृपा से वहीं हुआ और दोनों एक दूसरे से वादा पूरा करके मधुर सम्बन्ध बनाए रखा था।

# वृक्षारोपण कागजी न होकर धरातल पर उगें : रेवती

अखंड भारत संदेश



**करछना।** पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि प्रयागराज में सड़क चौडीक रण के नाम पर लाखों पेड़ काट दिऐ गये जिससे विगत कुछ वर्षों में शहर के तापमान में जबरदस्त वृद्धि दर्ज हुई हैं।अभी जून के महीने में प्रदेश में सर्वाधिक तापमान वाला शहर प्रयागराज था इतना ही नहीं शहर में अवर्षण की स्थिति बनी हुई हैं हर जगह वर्षा हो रही हैं लेकिन प्रयागराज शहर में बरसात का नामोनिशान नहीं गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। इस लिए वृक्षारोपण कागजी या फिर फोटोज तक ना सीमित रह कर जमीन पर दिखें उसकी जबाबदेही तय करनी होगी। सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मण्डलायुक्त प्रयागराज से टेलीफोन वार्ता कर शिकायत किया कि महात्मा गांधी सहित कई सड़कों की हरियाली उजाड़ कर पत्थर लगायें जा रहे हैं जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है इसलिए पत्थर की जगह पेड़ लगायें जाये और चौड़ी हुई सड़कों के दोनों तरफ आम, महुआ, इमली आदि के पेड़ लगायें जाय जो भारी मात्रा में कार्बन को सोख कर आक्सीजन देने का कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि पेड़ धरातल पर बने रहे इसकी भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।कागजी वृक्षारोपण ना हो क्योंकि दिनप्रतिदिन पर्यावरण संतुलन की स्थिति बद से बत्तर होती जा रही हैं।

# न्यूज झरोखा

## अमिलिया तरहार में मुहर्रम के जुलूस के विवाद के बाद शुक्रवार को गांव में शांत हुआ माहौल



**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव में शुक्रवार को पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों से मिलकर व जगह जगह बैठक कर गांव में अमन चैन व शांति व्यवस्था बहाल कराया। बीते दिनों की भाँति शुक्रवार को मसुरिया धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी,डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देश पर एसीपी बारा संत लाल सरोज ,थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र पीएसी के जवानों के साथ दिन भर गांव में घर घर घूम कर शांति व सौहार्द बनाने की अपील करते नजर आये।उधर मस्जिद में भी नवाजियों ने नवाज अदा कर अमन चैन स्थापित रखने की दुवा की,ग्रामीणों ने भी पुलिस का साथ देने का वादा किया।भुक्तभोगी परिवार के परिजनों ने फरार तीन आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग किया।

## वृक्षारोपण सामाजिक सेवा की कड़ी का है अहम हिस्सा : रामकृष्ण त्रिपाठी



**मेजा।** दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। वन व जंगल उजाड़े जा रहे हैं।हवा में तेजी से जहर फैल रहा है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए पेड़ पौधों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। जनसेवक,एवं समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने पौधरोपण के संकल्प के साथ लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकाधिक पेड़ों की कटान होने के कारण पर्यावरण प्रदूषण इन दिनों अपने चरम पर है। वृक्षारोपण का हमारा संकल्प पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का यह एक मात्र प्रयास है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करके क्षेत्र में हरियाली के जरिए खुशहाली लाने की हमने कोशिश किया है क्योंकि वृक्षारोपण भी सामाजिक सेवा की कड़ी का अहम हिस्सा है जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में प्राथमिकता के आधार पर करने का संकल्प लेना चाहिए। जनसेवक श्री त्रिपाठी ने शुक्रवार को वृक्षारोपण के इस बड़े संकल्प की शुरूआत कर दिया है जिसकी आम जनमानस में काफी प्रशंसा हो रही है।

## वृक्षा रोपण कार्य क्रम संपन्न



**मांडा।** स्वास्थ्य के लिए शुद्ध वातावरण की जरूरत को मद्देनजर रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जी बड़े उत्साह और उमंग के साथ वृक्षारोपण किया गया। वहीं शुक्रवार को प्राइड सिटी ग्रुप ऑफ कम्पनी के मालिक( सीएमडी) सिराज अहमद ने कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित बाबा देव कुण्ड नाथ धाम कोसडा कला के समीप महावीर कैलाश महाविद्यालय के पास 101 पेड़ लगा कर पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एड. नूर मोहम्मद अंसारी, डायरेक्टर फिरोज अली, अवनीश कुमार दुबे, रंजीत मौर्या, डॉक्टर इस्तेखार अंसारी, राजेंद्र प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## नैनी में जुमे की नमाज के बाद लंगर व शरबत पिलाया गया



**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड स्थित ईदगाह में इमामे हसन व हुसैन के नाम का लंगर वा शरबत बांटा गया। इस मौके पर ईदगाह जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य समाजसेवी व्यापारी नेता नाजिम खान ने कहा कि हुसैन दीन है व दीन के बादशाह हैं इमामे हुसैन के सदके में पूरा जहाँ फल फूल रहा है पूरी कायनात के लोग इनके टुकड़ो में पल रहे हैं। इमामे हुसैन ने पूरी दुनिया को कर्बला के मैदान में इंसानियत का पैगाम दिया और दिखा दिया की जुल्म का अंत तय है उन्होंने अपनी कुरबानी देकर इस्लाम को जिन्दा किया है। इस मौके पे कारी अय्यूब अहमद साहब, आलिम साहब, मो हलीम, चुन्ना भाई, हाफिज अनस साहब, शहजाद खान, हासिम खान, मो अरशद, मो आरिफ, शमीम गार्ड, हासिम, मुजफ्फर, इस्तियाक, शरीफ, तुल्ला भाई, शमसुद्दीन( लल्लू ) आदि नमाजी मौजूद रहे।

## नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया गया शहीद मंगल पांडे का जन्मदिन



**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा संगठन के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रथम स्वतंत्रता सेनानी प्रथम शहीद मंगल पांडेय का जन्मदिवस केंद्रीय कार्यालय गारापुर पर एक बैठक आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के लोगों द्वारा जन्मदिवस पर प्रथम शहीद मंगल पांडे के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाते हुए सत-सत नमन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र पंडित लवकेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए देश एवं समाज के विकास हेतु अपना योगदान देने के लिए संकल्प भी लिया। साथ ही डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के लिए शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि प्रशासन की लापरवाही आज जनता भोग रही है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों द्वारा पूरी जोरदारी के साथ शासन एवं प्रशासन से देश के प्रथम बलिदानी अमर शहीद मंगल पांडे की मूर्ति अंदावां स्थित चौराहे पर लगाने की मांग किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमोद कुमार शुक्ला, अमन मिश्र भीम, अनुराग मिश्र, रामचंद्र गिरी, श्री नाथ शुक्ला, रामशिरोमणि मिश्र, डॉक्टर एस के पांडेय, डाक्टर ए एन मिश्र, राम जी शुक्ला, आशीष शुक्ला, डॉक्टर सौरभ, रमा शंकर शुक्ल सहित आदि उपस्थित रहे।

## सेवा योजना कार्यालय प्रयागराज द्वारा कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न



**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक मांडा ,प्रयागराज में क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय प्रयागराज द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रोजगार संगम पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई तथा सेवायोजन कार्यालय से आए अधिकारी विश्व मोहन द्विवेदी द्वारा छात्रों को उनके भविष्य के संबंध में विस्तृत रूप से मार्गदर्शन किया तथा उन्हें रोजगार संगम पोर्टल पर कैंपस के माध्यम से पंजीकृत होने के लिए कहा गया साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि सहायक निदेशक प्रयागराज राजीव यादव द्वारा एक बहु दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। जिसमें पॉलीटेक्निक व आईटीआई के छात्र प्रतिभाग करेंगे इस विषय में विस्तार से वार्ता हेतु प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक व प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई मांडा प्रयागराज को सेवायोजन कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। क्षेत्र के बेरोजगार टेक्निकल नवयुवकों को आगामी रोजगार मेले में कैसे सेवायोजित कराया जाए इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। यह रोजगार मेला नवम्बर माह में होना संभावित है। जिसमें सहायक निदेशक महोदय द्वारा निजी क्षेत्र की 20000 रिक्तियां भरने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यशाला में विश्व मोहन द्विवेदी के अतिरिक्त प्रभारी प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक रजनीश उपाध्याय के साथ भार्गव प्रकाश मौर्य ,रवि शंकर केसरवानी ,अमरेंद्र प्रताप सिंह ,पवन केसरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# 22 जुलाई से ग्रा.पं. गिरधरपुर व दण्डपानपुर में ग्रा.पं.स.के रिक्त पदों का चुनाव की बिगुल बजा

अखण्ड भारत सन्देश




**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत दो ग्राम पंचायत से ग्राम पंचायत सदस्य की लगभग छह महीने पूर्व असामयिक निधन हो जाने से रिक्त पदों का उपचुनाव की बिगुल बज गई। जिसकी चर्चा ग्राम पंचायतो में तेज हो गई है। ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों की बिगुल बजते ही ग्राम पंचायत सदस्य के पद हेतु उम्मीदवार अपने अपने जीत के लिए मतदाताओं के घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। गुरवार को ग्राम पंचायत सदस्य की उपचुनाव के रिक्त पद ग्राम पंचायत गिरधरपुर के वार्ड संख्या 12 में चुनाव होगा। वहीं ग्राम पंचायत दण्डपानपुर के वार्ड संख्या 04 में चुनाव सुनिश्चित हुआ है। गिरधरपुर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 12 से निर्वाचित सदस्य निशा देवी उम्र (46) पत्नी आशीष शुक्ला की असामयिक निधन हो गया था। इसी तरह दण्डपानपुर ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 04 से निर्वाचित सदस्य अन्नपूर्णा देवी उम्र (48) पत्नी राधेश्याम की असामयिक निधन हो गया था। उक्त रिक्त पदों पर उपचुनाव की जानकारी एडीओ (एसटी) सुरेश कुमार ने बताया कि विकास खण्ड मांडा मुख्यालय पर नामांकन पत्र 22 जुलाई को सुबह दस से शाम चार बजे तक वितरण किया जाएगा। और नामांकन पत्र की जांच 23 जुलाई को होगी तथा 24 जुलाई को नामांकन पत्र वापसी एवं चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा। और छह अगस्त को मतदान केन्द्र पर मतदान, आठ अगस्त को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर मतगणना होगी।

# दो सगे भाईयों ने विवाहिता के साथ किया दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

### आरोप मना करने के बाद भी दोनों सगे भाईयों ने महीनों से करते रहे रेप

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक विवाहिता का आरोप है कि उसी के गांव के दो सगे भाईयों ने उसके पति से दोस्ती कर लिए। विवाहिता का आरोप है कि पति के गैर मौजूदगी में उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दिये। और उसे ब्लैक मेल करते रहे।आरोप है कि तमाम विरोध के बावजूद उसके साथ महीनों गैंग रेप किया गया। विवाहिता का आरोप है कि 25 जून को सुलह समझौता की बात चलाए।न मानने पर उसके साथ दोनों भाईयों द्वारा निरंतर गैंग रेप किया जाता रहा। विवाहिता का आरोप है कि थाने जाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। विवाहिता ने गुरुवार को मऊआइमा थाने में विकास कुमार साहू,आकाश दीप साहू पुत्रगण फूल चन्द्र साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# जल जीवन मिशन द्वारा वितरित किया गया किट



**सोरांव।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खंड सोरांव में शुकवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत से नौ लोगों जिसमें आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, समूह सखी महिलाओ को किट वितरण किया गया। शुक्रवार को जल जीवन मिशन के कर्मचारियों और पदाधिकारियों द्वारा लोगों को प्रशिक्षण दिलाया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को विकास खण्ड सोरांव के गंगा डिग्री कॉलेज में किट वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप सरोज व जिला पंचायत सदस्य सुखदेव रहे। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि शुद्ध पानी जीवन के लिए जीवन में बहुत ही जरुरी है। इसलिए सभी प्रशिक्षण प्राप्त लोग अपने अपने क्षेत्रोंमें जाकर शुद्ध और साफ पानी पीने के लिए जागरूक करें। इतना ही नहीं जीवन को सही प्रकार से जीने के लिए पानी की बबार्दी को रोकने की भी बात कही। प्रमुख ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री की स्वर्णिम योजना है। ग्राम पंचायत स्तर पर सभी लोगों को जागरूक करने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम करने के पश्चात किट वितरण का सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि पानी का शुद्धिकरण करके लोगों को जागरूक करें। मिशन का यह प्रशिक्षण और किट वितरण कार्यक्रम मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक शुक्ला, डॉक्टर श्रुति शर्मा मास्टर ट्रेनर (रहरट)शिवाजी राठौर, ओमप्रकाश, सुभाष चंद्र, पंकज, सुशील कुमार, चंद्र शेखर आजाद, प्रमोद पटेल,रोली यादव, आशा किरण सरोज, सिमरन, मयंक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## नैनी में विवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के मोहब्बतगंज इलाके में शुक्रवार की सुबह विवाहिता की लाश फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पुलिस व मायकेवाले पहुंच गए। पुलिस ने विवाहिता के चाचा की तहरीर पर सास-ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झडियाडी, थाना खीरी के रहने वाले सूर्यभान निषाद के अनुसार, उनकी भतीजी उजाला निषाद (24) पुत्री तीर्थराज निषाद की शादी मोहब्बतगंज के पिंटू निषाद पुत्र सुरेंद्र निषाद के साथ के साथ 22 अप्रैलत 2022 को हुई थी। एक सप्ताह पहले उजाला के पति पिंटू का एक्सीडेंट हो गया। उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। पिंटू का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उजाला पिटू के इलाज के लिए रुपयों का बंदोबस्त करने में लगी थी। शुक्रवार की सुबह उजाला का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला। उजाला अपने एक साल के मासूम को छोड़ गई। नैनी पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि उजाला की हत्या हुई या उसने आत्महत्या की है।

## आवारा बैल से टकराकर मस्जिद के पेश इमाम की हुई मौत



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के भगेसर मोड़ पर सड़क पर घूम रहे आवारा बैल से टकराकर मस्जिद के पेश इमाम की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हाफिज मोहम्मद दिलकश पुत्र मोहम्मद आजम निवासी बड़ोखर थाना कोरांव मिजार्पुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में स्थित मस्जिद के पेश इमाम थे। जो मदरसे में पढ़ाने का भी काम किया करते थे। किसी काम को लेकर मोहम्मद दिलकश शुक्रवार को अपनी बाइक से प्रयागराज गए हुए थे। वे वहां से सायं 8 बजे के आसपास वापस घर लौट रहे थे। अभी कोरांव थाना क्षेत्र के भगेसर मोड़ के पास पहुंचे थे कि सड़क पर घूम रहे आवारा बैल से उनकी बाइक टकरा गई। और बैल की सींग उनके गले में सीधे जाकर धंस गई। जिससे गला फट गया। आनन फानन में मस्जिद के पेश इमाम को कोरांव बाजार के एक निजी अस्पताल ले आया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। ज्ञातव्य हो कि इनके छोटे भाई अब्दुल समद उपरोक्त मस्जिद के इनसे पहले पेश इमाम थे। जिनकी सड़क हादसे में 2 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। जिसके बाद मोहम्मद दिलकश पेश इमाम बने थे। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बड़े भाई मुनव्वर अली समेत पत्नी एवं बच्चों का भी रो रो कर बुरा हाल था।

## बैल की टक्कर से ई रिक्शा चालक रिक्शा लेकर पल्टा तीन जख्मी

**मऊआइमा** ई रिक्शा चालक सवारी बैठा कर बागी की ओर जा रहा था। बताते हैं कि सामने से आ रहे दौडते हुए बैल से ई रिक्शा टकरा जाने से रिक्शा पल्ट गया।जिसको ग्रामीणों ने सीध किए और घायल रामभरोस ई रिक्शा चालक तथा बैठी सवारियां राम प्यारी, सुदामा को चोटें आयी है।सभी को दूसरे ई रिक्शा से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

## दबंगों ने पुश्तैनी नीव पर बनी दीवार को ढहाया, दी जान से मारने की धमकी

**उतराव।** उतराव क्षेत्र की बिझवानिया गांव में दबंगों द्वारा जबरन एक पीड़ित वृद्ध का पुश्तैनी नीव पर बनी दीवार को गिरा दिया। वहीं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी मिली। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिझवानिया थाना उतराव निवासी राजेंद्र प्रसाद जो एक किसान है। वहीं आरोप है की पड़ोस के ही दबंगों द्वारा जबरन उसकी नीव पर बनी दीवार को ढहा दिए। वहीं उल्टा दबंगों द्वारा पीड़ित वृद्ध को जान से मारने की धमकी भी दे डाली। डरा सहमा पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने उतराव थाने पर पहुंचकर दबंगो के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डॉ बृजेश यादव पूर्वांचल विश्वविद्यालय क्रय समिति के सदस्य नियुक्त

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बृजेश यादव को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह आदेश पर प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह सचिव खेलकूद परिषद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा सत्र 2024-25 हेतु क्रय समिति का सदस्य बनाया गया है। यह समिति खिलाड़ियों के परिधान एवं खेल उपकरण तथा अन्य खेलकूद से संबंधित अन्य सामग्री के क्रय हेतु बनाई गई है। जिसमें प्रोफेसर राघवेंद्र पांडेय प्राचार्य अध्यक्ष एवं प्रोफेसर सुरेश कुमार पाठक प्राचार्य सदस्य एवं मनीष कुमार गुप्ता को कार्य परिषद सदस्य बनाया गया है। प्रोफेसर राजीव मालवीय प्राचार्य नागरिक पीजी कॉलेज जंघई एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने डॉ बृजेश यादव को खेल कूद परिषद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का सदस्य बनायें जाने पर बधाई दिया है।

## हिंदुत्व की रक्षा के लिए पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 22 को

**मेजा।** हिंदुत्व की रक्षा राष्ट्रवाद के विस्तार एवं सनातन धर्म के सम्मान के लिए पवित्र श्रावण माह में आगामी 22 जुलाई को नैनी के अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर पर पांच दिवसीय श्रीराम कथा ( शंकर के राम ) का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी कथा के व्यवस्थापक शैलेंद्र पुरी शैल जी प्रधान पुजारी सोमेश्वर नाथ महादेव प्रमोद तिवारी पिंटू देवरख ने देते हुए बताया कि कथा विषय शंकर के राम पदम विभूषण रामभद्राचार्य के कृपा पत्र डा अशोक हरिवंश भईया जी एवं महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी टीना मां के मुखार विंदु से शुभारंभ होगी। उन्होंने इस मौके पर क्षेत्र के समस्त कथा प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर श्रीराम कथा का श्रवण करने की अपील किया है।

# सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत विकास खंड सोरांव मे खरीफ कृषक गोष्ठी संपन्न

**सोरांव।** शुक्रवार को कृषि विभाग सोरांव के सभागार मे सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत खरीफ कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें सहायक विकास अधिकारी (कृषि )एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ सत्य प्रकाश यादव के द्वारा किसानों को योजना के बारे मे विस्तार से बताया गया। साथ ही किसानों को रासायनिक खाद का प्रयोग कम करके जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए आग्रह किया गया। जिससे अपनी अगली पीढ़ी को स्वस्थ जमीन के साथ स्वस्थ पर्यावरण दिया जा सके ' राजकीय बीज गोदाम सोराव प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि वर्तमान मे विभाग द्वारा उपलब्ध बीज को पंजीकरण के द्वारा अंगूठा लगा कर मौके पर ही अनुदान प्राप्त किया जा सकता है ' साथ ही बाजरा का मिनी किट भी किसानों को वितरित किया गया । सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा उमेश चंद्र पटेल ने किसानों को संचारी रोग के बारे मे जागरूक किया ' पूनम वर्मा प्राविधिक सहायक ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे मे जागरूक किया। तथा बताया कि सभी किसान अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर को चालू करवा ले या परिवर्तित करवा ले। जिससे भविष्य मे ई केवाईसी करने मे कठिनाई का सामने न करना पड़े। क्योंकि भविष्य मे जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होंगी उन्ही को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल पायेगा। इस मौके पर कृषि विभाग के लालता प्रसाद, अंकित मिश्रा एवं सभी स्टॉफ के साथ विभिन्न गाँव के किसान विजय कुमार, अनुभव पटेल उर्फ लल्ला, राजेंद्र, राजेश कुमार एडवोकेट, राम मूरत, ओम प्रकाश, कर्मचंद्र, कृष्ण लाल आदि सैकड़ो किसानों ने योजना का लाभ लिया।

# आभूषण विक्रेता के साथ हुई लूट में मुकदमा दर्ज, दो संदिग्ध को पड़कर पुलिस कर रही पूछताछ

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत गोल चौराहा सहसों के समीप गुरुवार रात एक आभूषण विक्रेता से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध वैगन आर कार सहित दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ कर पूछताछ कर रही है। मामले में अंकित केसरवानी की लिखित तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार की मध्य रात्रि के बाद मुकदमा पंजीकृत गहन छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार सहसों निवासी अंकित केसरवानी ने सहसों बाजार में आभूषण की दुकान खोल रखी है। वह गुरुवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे दुकान बंद करने के पश्चात गोल चौराहा स्थित झूंसी रोड पर अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह श्री राम जानकी मंदिर के समीप प्रयागराज गोरखपुर मार्ग से गोल चौराह की तरफ मुड़े कि वैसे ही पल्सर सवार बदमाशों ने तमंचा सटाकर अंकित से आभूषणों तथा रूपयो से भरा बैग लेकर फूलपुर की तरफ फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही पहुंची सहसों पुलिस एवं एसीपी थरवई सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने छानबीन शुरू कर दिया। मामले में परिणाम स्वरूप देर रात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। भुक्त भोगी द्वारा थाने में दिए गए तहरीर के अनुसार 240000 नगद एवं लगभग 10 लाख रुपए के आभूषण पल्सर सवार बदमाशों ने लूट लिया था। मामले में पुलिस ने गहनता से जांच करते हुए एक संदिग्ध वैगन आर कार सहित दो व्यक्तियों को पड़कर पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक सराय इनायत पंकज कुमार राय का कहना है कि एक संदिग्ध वैगन आर कार सहित दो व्यक्तियों को लाया गया है उनसे कठोरतम पूछताछ की जा रही है शीघ्र ही मामले का खुलासा होने की संभावना है। वहीं सहसों बाजार के सभी व्यापारियों में इस घटना से दहशत व्याप्त है उनका मानना है कि अगर ऐसे ही सरेराह लूटपाट छिनैती होती रही तो हम लोग व्यापार नहीं कर पाएंगे।

# इमाम हुसैन के तीजे पर मजलिस हुई तो कर्नलगंज से निकाला गया तीजे का जुलूस

**प्रयागराज।** कर्नलगंज बूचड़खाना स्थित इमामबाड़ा जुल्फेकार हैदर के अजाखाने पर इमाम हुसैन व अन्य शहीदों के तीजे की मजलिस को मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी साहब कि ब्ला ने शहादत के बाद के मंजर का ज़िक्र किया। जैनुल मिर्जा व फरजान मिर्जा ने सोजख्वानी तो जकी अहसन ने पेशख्वानी के फराएज अन्जाम दिए। अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी के नौहाख्वान डॉ अबरार ,फैज जाफरी आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस निकाला जो वहीं पर गश्त करते हुए उसी इमामबाड़े पर सम्पन्न हुआ जहां से जुलूस निकाला गया।बाद मजलिस नज्र ए शोहदाए करबला व असीराने करबला दिलाई गई जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत करते हुए नज्र चखी।शर्बत व ठन्डे पानी की सबील भी लगाईं गई।अलम व ताबूत का लोगों ने बोसा लेते हुए गुलपोशी की। जुल्फेकार हैदर ,मंजर कर्रार , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,जैन हैदर आदि शामिल रहे। वहीं बरनतला मिन्हाजपूर अजाखाना जावेद अफसर आब्दी में शफकत अब्बास पाशा की निजामत में सालाना मजलिस हुई । शहन्शाह सोनवी ने मर्सिया तो डॉ कमर



आब्दी ने पेशख्वानी के जरिए करबला का दर्दनाक मंजर पेश किया। मौलाना सैय्यद जौहर अब्बास साहब कि ब्ला ने मजलिस को खिताब किया। अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया बख्शी बाजार के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।बाद मजलिस ताबूत ए जनाबे सकीना व गाजी अब्बास का अलम निकाला गया जिसकी ज़ियारत को बड़ी संख्या में अकीदतमन्दों ने बोसा लिया।यूशा आब्दी ने अकीदतमन्दों का शुक्रिया अदा किया।वहीं दरियाबाद, करैली , बख्शी बाजार , रानीमंडी ,चक जीरो रोड , घंटाघर आदि मोहल्लों में तीजे की मजलिसें आयोजित की गईं। घरों में तीजे की नज्र व फातेहा भी कराई गई।

**शहादत ए हुसैन के बाद के मंजर को पेश करते हुए निकाला गया अमारी जुलूस**

अन्जुमन असगरिया मोअय्या सादात हण्डिया सादात की ओर से करबला के बहत्तर शहीदों की शहादत के बाद यजीदी लश्कर द्वारा ढ़ाए गए जुल्म और मजालिम को दशार्ते हुए जुलूस ए अमारी निकाला गया।वसीम मोआय्यवी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना रेयासत हुसैन ,जमन मोअय्यवी ने पुरदर्द पेशख्वानी से समां बांधा तो मौलाना मजाहिर हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। हुसैन अकबर रौनक जौनपूरी मौलाना जीशान हैदर नजफी , मौलाना जायर हुसैन नकवी , मौलाना जमीर हैदर इमाम ए जुमा करारी कौशाम्बी , मौलाना अशरफ अली गरवी ने शहादत ए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का ज़िक्र किया।खुसूसी नौहाख्वान के तौर पर वकार सुलतानपूरी ,फरमान गाजीपुरी ,अली नायाब इलाहाबादी ,तहा नकवी व मूसा नकवी ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस की रौनक बढ़ाई। अन्जुमन अब्बासिया दांदूपूर , अन्जुमन परचम ए अब्बास रन्नो जौनपुर , अन्जुमन पैगाम ए हुसैनी बनारस ,अन्जुमन अकबरिया उस्मानपुर जलालपुर अम्बेडकर नगर व अन्जुमन असगरिया मोअय्या सादात ने नौहा व मातम का नजराना पेश करते हुए जुलूस निकाला।जुलूस में शबीह ए ताबूत ,अलम जुलजनाह के साथ तीन ऊंटों पर रखी जनाबे जैनब ,जनाबे उम्मे कुलसूम व जनाबे रोकय्या व अन्य सैदानियों की याद को ताजा करते हुए अमारी निकाली गई जिस पर रास्ते भर अकीदतमन्दों ने फूल माला चढ़ा कर अकीदत का इजहार किया।बताया गया कि यह अमारी जुलूस का तीसवां दौर था।

# आशा कार्यकत्रियों ने सीएमओ ऑफिस घेरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले भर की आशा कार्यकर्ता आज शुक्रवार को सीएमओ ऑफिस पहुंच गईं। यहां अपनी मांगों के समर्थन में सीएमओ आफिस का घेराव किया और धरना प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहीं आशा सीएमओ की गाड़ी के बाहर एकत्रित होकर करीब एक घंटे तक नारेबाजी करती रहीं। इसके बाद सीएमओ डॉ. आशु पांडेय खुद चेंबर से बाहर आए और उनकी बातें भी सुनी। आशाओं ने उन्हें 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी दिया।

सीएमओ के आश्वासन के बाद सभी वापस लौटीं।आशा कार्यकर्ता रंजना भारतीया ने बताया कि वह अपनी समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों तक जा चुकी हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। उन्हें जो प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए वह भी नहीं मिल पा रही है।



**50 से ज्यादा काम लेकिन भुगतान के नाम पर खानापूर्ति :**

आशा कार्यकताओं ने सीएमओ के सामने अपनी व्यथा बताई। कहा कि उनसे 50 से ज्यादा काम लिए जा रहे हैं लेकिन उन्हें कोई भुगतान नहीं दिया जाता है। जिन दो-चार कार्यों की प्रोत्साहन राशि दी जाती है उनका निर्धारण वर्षों पूर्व किया गया था, उनके श्रम के सापेक्ष उन दरों में कोई पुनर्निधारण नहीं किया गया। यहां तक कि भविष्य निधि, ग्रैचुइटी, किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा, यहां तक की साप्ताहिक वार्षिक अवकाश तथा एक दिन का भी मातृत्व अवकाश नहीं दिया जाता है।

**आशाओं को सीएचसी-पीएचसी पर रहने की व्यवस्था नहीं**

आशा कार्यकताओं ने सीएमओ से कहा कि आशा कार्यकताओं को सीएचसी-पीएचसी पर रहने की कुछ व्यवस्था किए जाने की बात कही गई थी लेकिन वह अभी तक नहीं हो सकी। इस पर सीएमओ ने कहा कि प्रशासन की तरफ से यह व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक सीएचसी पर एक मल्टीपरपज रूम पर बनाया जा रहा है जहां आशा कार्यकर्ता भी रूक सकती हैं।

# युवक का जटिल ऑपरेशन कर खाने की नली में फंसा आलू निकाला

**व्रत में युवक के लिए आलू बना जानलेवा 72 घंटे बाद डॉक्टरों ने गले से निकाला**



**नैनी।** नैनी करछना के रहने वाले शिवम के लिए व्रत में आलू खाना जानलेवा बन गई, गले में आलू फंसने के कारण तेज दर्द के बाद घरवालों ने उसे शहर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने काफी मुश्किलों के बाद युवक के गले से उस आलू को निकाल कर उसकी जान बचाई। हालांकि अब युवक की हालत में सुधार है। नैनी के रहने वाले शिवम का व्रत था। उसने मंगलवार को फलहार में फ्राई आलू खा लिया। आलू खाने के दौरान एक खड़ा छोटा आलू उसके गले में फंस गया। मंगलवार की रात में उसे गले में दर्द महसूस हुआ। मामूली दर्द समझकर वह अनदेखा कर दिया। गुरुवार को उसके गले का दर्द बढ़ गया और उसकी आवाज बंद हो गई। वह रोते हुए घरवालों को इशारों में बताया। जिसके बाद गुरुवार की देर रात ही घरवाले उसे शहर के शांति विलास हॉस्पिटल में जाकर डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टरों ने तत्काल शिवम का चेकअप शुरू कर दिया। इसके बाद पता लगा कि युवक के गले में कोई गोल वस्तु फंस गई है। डॉक्टरों ने शिवम 18 वर्ष करछना निवासी का एक्स रे कराया और इसके बाद पता चल सका कि गले में आलू फंसा हुआ है। शिवम के घरवालों ने बताया कि स्थानीय डॉक्टर को पहले दिखाया था, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। वहीं डॉक्टर अजय शुक्ला ने बताया कि मरीज को देख कर क्लियर नहीं था कि उसके गले में क्या फंसा है। उसकी आवाज नहीं निकल रही थी। पहले एक्स-रे कराया और फिर क्लियर करने के लिए गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी के माध्यम से पता लगाया गया कि गले में क्या है। उन्होने बताया कि गले में फंसे आलू को निकलने के लिए लेप्रोस्कोपिक फोर्सेप का इस्तेमाल किया गया, जिसके बाद गले से आलू को निकाला जा सका।

# नैनी में बाइक समेंत युवक को दो किमी घसीटता ले गया ट्रक चालक, मौत

**मामा भांजा बाजार से घूरपुर बॉर्डर तक ट्रक से घिसिटता रहा युवक**



**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात मामा भांजा बाजार के पास रीवा रोड की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक में बाइक समेंत चालक फंस गया। ट्रक चालक उसे घसीटते हुए घूरपुर बॉर्डर तक (लगभग दो किमी) दूर तक ले गया। सूचना पर घूरपुर की पुलिस ने घेरा बन्दीकर ट्रक को कब्जे में ले लिया। युवक की लाश भंडरा के पास मिली। नैनी क्षेत्र के मामा भांजा तालाब के पास गुरुवार रात 28 वर्षीय बाइक सवार सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान चाका ब्लाक की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बाइक चालक समेत ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक बाइक सवार को दो किमी दूर थाना घूरपुर के बॉर्डर भंडरा तक घसीटता ले गया। बाइक सवार की डेड बॉडी घूरपुर बॉर्डर के पास से बरामद हुई। वहीं नैनी पुलिस की सूचना पर घूरपुर की पुलिस ने ट्रक को थाने के पास से पकड लिया। ट्रक के अंदर फंसी बाइक को निकालकर पुलिस उसके रजिस्ट्रेशन व चेचिस नंबर से मृतक की पहचान करने में जुटी है। लोगों के अनुसार मृतक की पहचान उंसके चाचा निवासी औरया जिला भदोही के रहे वाले बाबू लाल ने अपने भतीजे रवि शंकर निवासी मड़ौका के रूप में की है।

## कांशीराम कॉलोनी के पास करंट की चपेट में आया राजगीर, मौत

**नैनी।** नैनी स्थित एडीए कॉलोनी अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी के पास निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान राजगीर करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नैनी स्थित एडीए कॉलोनी अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी के पास शिव अंबर गुप्ता अपने मकान कांशीराम कोलोनी में निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान राजगीर करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नैनी स्थित एडीए कॉलोनी अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी के पास शिव अंबर गुप्ता अपने मकान का निर्माण करवा रहे थे। शुक्रवार दोपहर राजगीर का काम करने वाले करछना थाना क्षेत्र के उतारिहा, पनासा निवासी अतुल भारतीया (32) पुत्र त्रिशूल लाल भारतीया प्लास्टर का काम कर रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। नीचे वह हारई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से झुलस गया। आननफानन उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की मण्डलीय अधिकारियों के साथ बाल संरक्षण से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा



**प्रयागराज।** अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में सम्बंधित विभागों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पी0एम0 केयर योजना, स्पान्सरशिप योजना, सपोर्ट पर्सन, वन स्टाप सेन्टर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में ह्यह्यएक युद्ध नशे के विरूद्धह्व थीम पर नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने स्कूलों के पास 100 मीटर की दूरी पर पान, गुटका आदि की दुकानों को प्रतिबंधित करने के लिए कहा है। उन्होंने मण्डल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा है कि उसकी सूची जिला प्रोबेशन कार्यालय में 15 दिनों के अंदर उपलब्ध करायें। उन्होंने स्कूलों में प्रार्थना सभा में जाकर बच्चों को नशे के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने ड्रग विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चे नारकोटिक्स की दवाई न खरीदे, इसके लिए मेडिकल स्टोर पर कैमरे लगाये जाये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने पोस्टरों पर हेल्पलाइन नम्बर एवं बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी लिखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में पोस्टर एवं पेंटिंग के माध्यम से ग्राम सभाओं में बच्चों को जागरूक किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को बाल श्रम को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। इसके साथ ही बाल भृक्षावृत्ति वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों का एडमिशन कराने एवं बच्चों को नियमित शिक्षा ग्रहण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। अध्यक्ष महोदय ने यू-डैश पर कितने विद्यालय है, इसकी जानकारी ली। बाल यौन शोषण की समीक्षा करते हुए इससे सम्बंधित मामलों में पुलिस विभाग को सही से जांच करने के लिए कहा है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, उप निदेशक प्रोबेशन सहित अन्य विभागों के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता पहले देश की बात करता है फिर दल की : दिलीप पटेल





**झूंसी।** अंदावा स्थित होटल में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य रहे। इस दौरान काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यकताओं का उत्साह बंधन करते हुए कहा कि काशी क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सांसद बनाकर देश का प्रधानमंत्री बनाया है। इसके लिए कार्यकताओं को मैं बधाई देता हूं। भाजपा कार्यकर्ता ही पहले देश फिर दल और उसके बाद स्वयं की बात करता है। आजादी के बाद केवल भारतीय जनता पार्टी ने ही देश के लिए बलिदान दिया है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान तथा दो निशान नहीं चलने की बात कही और अपने प्राणों की आहुति दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाया तथा अयोध्या में राम मंदिर बनाकर कई सौ साल का सपना पूरा किया। 2014-17 व 22 तथा नगर निगम व पंचायत के चुनाव में भाजपा ने शानदार नतीजे हासिल किए। सपा और कांग्रेस जैसी परिवारवादी व जातिवादी पार्टी ने भ्रम फैला कर वोट लेने का प्रयास किया। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने कहा कि हम एससी और ओबीसी आरक्षण के लिए कटिबध हैं। सपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दलित और पिछड़ों का हितैषी बनने का ढोंग करने वाली ये पार्टियां जब सत्ता में आती हैं तो सब भूल जाती हैं। क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल ने कहा कि अतीत में किन संघर्षों के बाद हमारी सरकार आई है,यह हमें भूलना नहीं है। प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में सबसे ज्यादा घोटाले हुए। मंत्री शंकर गिरि ने कहा कि कार्यकताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। नई ऊर्जा के साथ हमें क्षेत्र में जाना है और 2027 में फिर से पूर्ण बहुमत में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि दुनिया के देशों में हमारा देश अपनी संस्कृति से जाना जाता है। बीच में ऐसा भी समय है जब हमारी संस्कृति को कुचलने का प्रयास किया गया लेकिन हमारा देश वह देश है जिसने सिकंदर को भी पराजित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपनी संस्कृति के बारे में सोचता है। कांग्रेस का झूठा प्रचार करने का इतिहास रहा है। उनके झूठ का पदार्फाश भी भाजपा कार्यकर्ता को ही करना है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, महामंत्री अशोक चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला पासवान, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्य, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, महानगर राजेंद्र मिश्रा, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति, महापौर गणेश केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी, महामंत्री मनोज निषाद, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य,पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, दीपक पटेल, कन्हैया लाल पांडेय, योगेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, विवेक मिश्रा, निमिष खत्री आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जल निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जल निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से दो कार्यों का निरीक्षण आज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने जल निगम के सीवरेज डिस्ट्रिक्ट-ई के अंतर्गत मुंडेरा, विष्णुपुरी, ट्रांसपोर्ट नगर आदि क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने के कार्यां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां जीएसबी बिछाने का कार्य अधोमानक पाया गया तथा अपेक्षित मात्रा में मैनपावर डिप्लॉयमेंट भी नहीं किया गया था जिससे कार्यों की प्रगति धीमी पाई गयी। नेहरू पार्क ड्रेन और यादवपुर ड्रेन के अवरोधन एवं डायवर्जन संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया गया जिसके दौरान दोनों ड्रेन में अवरोध नालों की दीवार का संरेखण सही नहीं पाया गया। कार्यों की प्रगति भी धीमी पाई गई तथा गुणवत्ता में भी कमी थी। थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा दिए गए फीडबैक का कम्प्लायंस भी समयबद्ध तरीके से नहीं किया गया था। मंडलायुक्त ने इसपर खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा शीघ्र ही गुणवत्ता में सुधार करते हुए अपेक्षित लेबर डिप्लॉय करने तथा हुए सभी कार्यों को 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम को बनाये व्यापक जनसहभागिता कार्यक्रम-प्रमुख सचिव**





**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एम0 देवराज की अध्यक्षता, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव की उपस्थिति में शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में कल होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में प्रमुख सचिव ने कल होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु की गयी तैयारियों के सम्बंध में उपस्थित सभी अधिकारियों से उनकी कार्ययोजना के बारे में पूछा। उन्होंने उनके द्वारा वृक्षारोपण हेतु पौध उपलब्धता, चयनित स्थलों, चयनित स्थल की मिट्टी किस प्रकार की है और वहां किस प्रजाति के पौधों का रोपण करेंगे, अग्रिम मृदा कार्य, प्रत्येक चिन्हित स्थल पर कितने पौधों का रोपण किया जायेगा, वृक्षारोपण के बाद पौधों की देखभाल कैसे होगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए वृक्षारोपण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सम्बंधित अधिकारियों से लक्ष्य के सापेक्ष पौध उठान की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। प्रमुख सचिव ने बैठक में कहा कि वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल पर उन्हीं प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाये, जो वहां पर आसानी से उग सके। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहरों की दोनो पटरियों पर जामुन, अर्जुन, सीशम व अन्य ऐसे पौधों का रोपण किए जाने के लिए कहा है, जो वहां आसानी से उग सके। उन्होंने बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को गौशालाओं में वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि वहां छाया का प्रबंध भी हो सके। उन्होंने उद्यान विभाग, नगर निगम, डीसी मनरेगा से वृक्षारोपण की योजना के बारे में जानकारी लेते हुए व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने वृक्षारोपण के बाद पौधों को बचाये रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को उन्हें गोद लिए जाने हेतु प्रेरित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बच्चों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कराते हुए उसकी देखभाल किए जाने के लिए प्रेरित करने व जिन विद्यालयों में पौधरोपण के बाद सर्वाइवल ज्यादा हो, उन्हें पुरस्कृत किए जाने के लिए भी कहा है। बैठक में उन्होंने कल होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद भी जनपद के होटल, हॉस्पिटल, टोल प्लाजा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, मेडिकल स्टोर पर लोगो को इस माह उपहार स्वरूप पौधे दिए जाने की व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इससे लोगो के अंदर वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता आयेगी और वे इन पौधों को अवश्य रोपित कर उनकी देखभाल करेंगे। उन्होंने वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सरकारी कार्य के बजाय सामाजिक सहभागिता के रूप में लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराये जाने की अपील की।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनपद प्रयागराज का लक्ष्य 75 लाख 77 हजार है, जिसमें वन विभाग का पौधरोपण लक्ष्य-22,46,503 व अन्य विभागों का लक्ष्य-53,30,820 है। उन्होंने, मित्रवन, विरासत वृक्ष वाटिका, कुलदेवता वन, बाल पौधरोपण भण्डारा व पेड़ लगाओं-पेड़ बचाओं जनअभियान-2024 के बारे में कहा कि इस बार वृक्षारोपण की हरितिमा अमृत वन पर जिओ टैगिंग के साथ-साथ भारत सरकार के ह्यह्यएक पेड़ मां के नामह्वह्व पोर्टल पर भी वृक्षारोपण की सूचना अपलोड़ की जायेगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को इस कार्य को विभागीय जिम्मेदारी के रूप में नहीं बल्कि महोत्सव के रूप में मनाते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगो को वृक्षारोपण हेतु जागरूक करते हुए वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है।प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार ने वृक्षारोपण के बारे में सभी विभागों के द्वारा की गयी तैयारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण के बाद उनकी देखभाल व सुरक्षित बनाये रखने का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सीडीओ ने भूजल संरक्षण के संदेश के साथ प्रभात-फेरी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रयागराज।** दिनांक 16 से 22 जुलाई 2024 तक भूजल सप्ताह के आयोजन के क्रम में शुक्रवार मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने भूगर्भ जल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के तत्वाधान में श्जल संरक्षण का करो प्रयास-जल ही है जीवन की आसश विषय बिन्दु पर केन्द्रित प्रभात-फेरी को चन्द्रशेखर आजाद पार्क (कम्पनी बाग) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो हिन्दु हास्टल, मनमोहन पार्क, लक्ष्मी चैराहा होते हुए विकास भवन में समाप्त हुयी, जिसमें भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभाग के कार्मिकों एवं स्वयं सेवी संगठनों ने प्रतिभाग किया। भूजल संरक्षण को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु जल विभाग द्वारा स्थापित करायी गयी सेल्फी प्वांइट पर प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी ली गयी। भूजल संरक्षण हेतु श्री रविशंकर पटेल, हाइड्रोलाजिस्ट एवं कुमार गौरव, सहायक अभियन्ता द्वारा शपथ दिलायी गयी। सार्वजनिक स्थलों पर भूजल संरक्षण हेतु जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश से जल संरक्षण एवं संचयन से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया।

### श्रावण मास में कांवड यात्रा के दृष्टिगत स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, सावन मेला एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में साफ सफाई, मार्ग व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु शुक्रवार को स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा द्वारा नगर का भ्रमण के दौरान आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत दशासुमेर घाट पर व्यू-कटर लगाने के निर्देश के साथ घाटों पर साफ-सफाई, तथा प्रकाश व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय जोनल अधिकारी संजय ममगई तथा अवर अभियन्तागण आदि उपस्थित रहे ।

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के 40 छात्रों चयन







**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के 40 छात्रों का नोएडा स्थित मास्वियो गैस्पराडो कम्परनी चयन हुआ। संस्थान के प्रबंधतंत्र द्वारा छात्रों को बधाई देने के साथ ही उन्हें इस उपलब्धि के लिए सम्मानित भी किया। संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि सेंटर के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर महेंद्र अरोरा, कंपनी की ओर से शिवांगी शुक्ला, विवेक पाटिल, विनय चंद्रा, जितेंद्र सिंह, ताजवीर सिंह व दीपक पटेल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### उत्तरी लोकपुर में पीडीए द्वारा पानी की लाइन एवं रास्ता बाधित की गई



**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में पीडीए द्वारा बनाये जा रहे अरैल संगम रोड उत्तरी लोकपुर में गली की एंट्री पर ही नगर निगम के सीबर लाइन के मुख्य चैम्बर को बिना शिफ्ट किये ध्वस्त किया गया जिस कारण पानी की लाइन एवं रास्ता बाधित हुए 15 दिन से ज्यादा हो गया है। स्थानीय वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने अपने नगर निगम के जोनल अधिकारी, जेई आदि को बुलाकर निरीक्षण कराया और उसे जनहित में सही कर-के लाइन को जोड़ा जाए और बनाकर तब पीडीए द्वारा इसका खर्च, जुमार्ना नोटिस देकर पीडीए से वसूला जाए। वहीं पार्षद ने बताया कि मोहल्ले के 60-70 परिवार के लोग दूषित पानी और जलभराव से परेशान है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, सूधीर प्रजापति, वीरेंदर यादव, सुनील कुशवाहा, सूरज पाल, राज सिंह, राजू कुशवाहा, सीताराम यादव आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### काल्विन अस्पताल पहुच महापौर ने जाना घायलों का हाल



**प्रयागराज।** लालपुर में मोहर्रम में ताजिया जुलुश निकलने के दौरान हुए बवाल के बाद घायलों को हाल जानने शुक्रवार को महापौर गणेश केशवानी काल्विन अस्पताल पहुचे। वहा पर उन्होंने लालपुर अमिलिया तरहार गांव निवासी अवधेश द्विवेदी से मुलाकात कर उनका हाल जाना और गांव में हुई घटना की जानकारी ली। डॉक्टरों से समुचित उपचार का निर्देश दिया। लालपुर अमिलिया तरहार में बुधवार को मोहर्रम के जुलुश के दौरान हुए बावल मारपीट में घायल अवधेश द्विवेदी, आयुष कुमार द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, एडवोकेट अनुज्ञा द्विवेदी को गम्भीर चोट आई थी। जिनका इलाज काल्विन अस्पताल में चल रहा है। बुधवार को सभी घायलों से महापौर गणेश केशनवानी मुलाकात की और डॉक्टरों से सभी का समुचित उपचार का निर्देश दिया। गणेश केशरवानी ने कहा कि अराजकतत्वों को बख्क्षा नही जाएगा सभी पर कठोर कार्यवाही होगी, पुलिस प्रशासन से वार्ता कर सभी उपद्रवियों के खिलाफ शक्त से शक्त कार्यवाही करने के लिए कहा और सभी पीड़ितों के साथ सरकार खड़ी है। इस दौरान वरुण केसरवानी रवि, सुनीता चोपड़ा, बादल केसरवानी, गौरव गुप्ता, वीरू सोनकर, अमर सिंह, राजन शुक्ला, राजू पाठक , गिरिजेश मिश्रा।

### मुरादपुर व करबला गांव में मारपीट में पांच लोगों का चालान

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के अरैल मुरादपुर व करबला गांव के लोगों के बीच हुए पथराव व बमबाजी के मामले में नैनी पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बता दें के मोहरम के नौंवे दिन घोड़े से करतब दिखाने के बाद गुरुवार को हुए विवाद के दौरान दोनों पक्षों से पथराव हो गया था जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल गोपी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। हालांकि पुलिस ने यह भी दावा किया था कि घोड़े दौड़ाने और ढोल बजाने को लेकर विवाद नहीं हुआ था, बल्कि रोजाना के झगड़े में दो पक्ष में मारपीट हुई थी। गुरुवार रात पुलिस ने दोनों पक्षों से कुल पांच लोगों का चालान किया है।

## जमीन विवाद में पहुंची पुलिस, किशोरी का हाथ पकड़ा, फोटो वायरल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर गई और रिश्तेदारी आई एक युवती का हाथ पकड़ लिया और बदतमीजी करने लगा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंधई थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर गांव में जमीन को लेकर विवाद हो गया था जिसकी सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची पर रिश्तेदारी आई 15 वर्षीय किशोरी का हाथ पकड़ कर मौके पर आया पुलिसकर्मी बदतमीजी करने लगा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हो रहा है। सिपाही के इस कृत्य से वर्दी पर फिर से एक बार सवालिया निशान उठने लगा है। बता दें कि दो पक्षों का जमीन का विवाद चल रहा था और इसी विवाद की सूचना पर कंधई थाने से पुलिस गई। मामले में जांच पड़ताल के दौरान रिश्तेदारी आई एक 15 वर्षीय किशोरी बैठी थी जिसका हाथ पकड़ लिया और बोला कि चलो थाने फिर बताता हूं। मामले में वीडियो सोशल मीडिया पर फिलहाल प्रसारित हो रहा है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर तीन कार्यदायी संस्थाओं को डीएम ने लगाई फटकार

## जिलाधिकारी ने कार्यों व परियोजनाओं की प्रगति का किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सभागार रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो व परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें बताया गया कि आईटीआई जरियारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़, 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय बैरमपुर सुवंशा, 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय शिवसत का निर्माण कार्य माह अगस्त 2024 में पूर्ण कर लिये जायेगें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर हस्तगत किया जाये, कार्यो में लापरवाही कदापि न बरती जाये।



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

इसी प्रकार उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराये जा रहे थानो के आवासीय एवं अनावसीय भवन, पुलिस चैकी, आईटीआई पट्टी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में पाया गया कि यूपी स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0) द्वारा कराये गये आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग टैड्रक का कार्य कराया गया था जो गुणवत्तापूर्ण न होने के कारण धंसने लगा जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें। सी0 एण्ड डी0एस0 यूनिट-10 प्रयागराज द्वारा ड्रग वेयर हाउस के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण न करने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हर्ष को नवरत्न सम्मान से सम्मानित करते अतिथिगण।

# नवरत्न सम्मान से नवाजे गए हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के रानीगंज कैथौला के रोहाडा निवासी कवि हरि बहादुर सिंह हर्ष को बीते 17 जुलाई को मेरठ के ऐतिहासिक नौचण्डी मेले में नवरत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अम्बर एवं अंतरराष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन तथा डॉ हरिओम पँवार ने संयुक्त रूप से नवरत्न सम्मान से सम्मानित किया। शुक्रवार को कवि हर्ष के गांव पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस उपलब्धि पर डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी, द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी, शिक्षक विजय शंकर मिश्र, जीतेन्द्र सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में मनी राजा दिनेश सिंह की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालांकाकर के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर में शुक्रवार को महाविद्यालय के कामन हाल मे पूर्व विदेश मंत्री भारत सरकार के स्व0 राजा दिनेश सिंह की जन्म जयंती मनाई गई इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं अन्य कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने ने स्व0 राजा दिनेश सिंह के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर याद किया जन्म जयंती के शुभ अवसर पर



डिग्री कालेज कालाकाकर में स्व0 दिनेश सिंह की जयंती मनाते शिक्षकगण

महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधरोपण के पश्चात स्व0 राजा दिनेश सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रो रामकरन, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो डी सी आनंद, प्रो भूपेश सिंह, प्रो सर्वेश सिंह, प्रो सत्यप्रकाश, प्रो आशुलता, प्रो सृस्ट्री कुशवाहा, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## राकेश कुमार बने नपा के नए अधिशाषी अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिशाषी अधिकारी खतौली मुजफ्फरपुर राकेश कुमार को प्रतापगढ़ नगर पालिका बेल्हा का नया अधिशाषी अधिकारी बनाया गया है। इन्होंने आज यहां नगर पालिका कार्यालय में आकर अपना पदग्रहण किया। इससे पूर्व नगर पालिका ईओ राम अचल कुरील को धक्का लगा है जिन्होंने चार दिन पहले हाईकोर्ट से अपनी बहाली को चुनौती देने की याचिका में कोर्ट के अगले आदेश तक निलम्बन की कार्यवाही को रोकवा दिया था। यह आदेश प्रतापगढ़ आने के पहले ही शासन ने यहां नया ईओ राकेश कुमार को नियुक्त कर दिया, जो प्रतापगढ़ आ चुके हैं।

# जितनी हो प्यास, उतना ही भरें गिलासः अजय क्रांतिकारी

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में जल संरक्षण पर हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी कॉलेज के प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत भूजल सप्ताह के अवसर पर जल संरक्षण हेतु कार्यक्रम कराया गया जिसमें पर्यावरण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय क्रान्तिकारी, लघु सिचाई विभाग के सहायक अभियन्ता विक्रमाजीत सिंह, अवर अभियन्ता राधेश्याम यादव, सुमित कुमार एवं रामवचन के साथ लघु सिचाई विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं शाम्भवी, सुविका एवं सौम्या द्वारा प्रस्तुत



जल संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि।

सरस्वती वन्दना, साई वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अजय क्रान्तिकारी ने बताया कि आज धरती पर केवल एक प्रतिशत भूजल ही शेष है और वो भी प्रदुषित है। पूरा विश्व इसी एक प्रतिशत भूजल पर निर्भर है और इसका दोहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसकी पूर्ण सम्भावना है कि तीसरा विश्व युद्ध जल के लिए हो। ऐसे में हम सभी को सचेत हो जाना चाहिये और जल संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिये। जितनी हो प्यास उतना भरें गिलास का नारा अजय क्रान्तिकारी ने बच्चों से लगवाया और यह शपथ दिलायी कि सभी जल का संरक्षण करेंगे। विक्रमाजीत सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यदि जल को नही बचाया गया तो आने वाले समय में मानव का जीवन मुश्किल हो जायेगा। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत डॉ0 अनीता पाण्डेय उप-प्राचार्या साकेत गर्ल्स पी0जी कॉलेज द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 प्रतिभा मिश्रा एवं संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, राहुल मिश्रा, डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा, डॉ0 प्रभा शर्मा, रईस अहमद, आरती श्रीवास्तव, आरती विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने डीआईओएस कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## चार सूत्रीय मांग पत्र जीआईसी प्राचार्य को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता के विरुद्ध जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और चार सूत्रीय ज्ञापन किसी भी अधिकारी की गैर मौजूदगी में राजकीय इण्टर कॉलेज के प्राचार्य को सौंपा।

बता दें कि कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के समक्ष पहुंचे तो कुछ बाबुओं के अलावा कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं मिला। घंटों इंतजार के बाद राजकीय इण्टर कालेज के प्राचार्य को बुलाया गया, तो उन्होंने आकर ज्ञापन लिया। इस अवसर पर ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा कोचिंग पढ़ाने पर रोक लगाए जाने, गैर मान्यता के जनपद में चल रहे कालेजों की जांच कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने, शिक्षा विभाग एवं सरकारी व एडेड कॉलेजों के अध्यापकों व कर्मचारियों के बच्चों का प्रवेश सरकारी कॉलेजों में ही कराने हेतु प्रेरित करने व जनपद में संचालित बिना पंजीकरण के चल रहे कोचिंग संस्थानों की जांच कर उन पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और तीन दिन के भीतर कार्यवाही न किये जाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने कहा की इस कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है, इससे निजात दिलाने की आवश्यकता है। प्रदर्शन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल प्रेम शंकर द्विवेदी, राम रतन तिवारी, यूथ कांग्रेस रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष मो.जावेद, नगर प्रभारी इश्तियाक अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, जिला सचिव विजय प्रताप त्रिपाठी, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, जिला सचिव उमेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष पट्टी सुभाष तिवारी, अभय किशोर तिवारी, सोनी तिवारी, सुरेश नारायण दूबे, रवि प्रताप सिंह, शुभम शुक्ला, सद्दाम अहमद, शेर खान, नूर आलम, धनगू यादव, श्याम शंकर तिवारी सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# एलायंस क्लब का पौधरोपण अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण-पौध वितरण अभियान में आज चिलबिला सदर बाजार, भंगवा चुंगी, मीराभवन आदि जगहों पर पौधरोपित करने का संकल्प दिलाया गया। क्लब के पदाधिकारीयो के साथ आमजनमानस में भी अपने-अपने मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर दूसरों को भी पौधरोपित करने के लिए प्रेरित किया गया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि कल 20 जुलाई को पौधरोपण कर महाकुंभ में आप सब अपनी मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर पौध के महाकुंभ को सफल बनाए और जिले में हरियाली लाकर जीवन बचाएं। इस अभियान में आज सहयोग करने वालों में नार्थ जोन की एडवाइजर पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, ज्योति, वनराज अधिकारी सदर अनूप कनौजिया, उद्यान निरीक्षक सदर राजकुमार, डॉ0 दयाराम मौर्य, परियोजना अधिकारी शिवम यादव, डिप्टी रेंजर केपी यादव, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, सूरज उमवैश्य, आशीष, ऋषभ, शनि महाराज, सोनू महाराज आदि शामिल रहे।

# नेत्रदान जागरूकता अभियान में भरा नेत्रदान संकल्प पत्र



नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर देतीं आशा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मान्धाता में शुक्रवार को आशाओं को नेत्रदान के महत्व के बारे में युवा सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से एक विशेष कार्यक्रम नेत्रदान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आलोक शुक्ला और विशाल मिश्र एडवोकेट आकाश शुक्ला ने आशाओं को नेत्रदान की प्रक्रिया, इसके फायदे और समाज पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और अधिक से अधिक लोगों को इस महत्त्वपूर्ण सेवा में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। आलोक शुक्ला ने डॉ. अभिषेक सिंह, जो स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी हैं, का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही आशा विमला देवी, सावित्री देवी और निशा ने नेत्रदान संकल्प पत्र फॉर्म भरा। यह स्वास्थ्य सेवा और नेत्रदान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता और योगदान को दर्शाती है। आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण होती है, और नेत्रदान के प्रति उनके संकल्प से यह प्रेरित करता है कि समाज में अन्य लोग भी इस तरह के कार्यों के प्रति जागरूक हों और योगदान दें।

# सीएचसी के अंदर गंदगी का अंबार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वच्छता अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शौचालय से लेकर पूरे परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ धाम में परिसर व शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ऐसे में मरीजों व तीमारदार को शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है। प्रसव कक्ष में स्थित शौचालय में कभी भी साफ सफाई नहीं होती। छह महीने में एक बार अस्पताल की साफ सफाई कराई जाती है। मरीजों के साथ आएं तीमारदार को शौच के लिए अस्पताल परिसर से बाहर खुले में जाना पड़ता है। भवन के आसपास गंदा पानी जमा होने से बदबू आता है जिससे मरीज अस्पताल आने से कतराते हैं। टीवी लैंब के पास पानी भरा है। आऊटसोर्सिंग के माध्यम से दो सफाई कर्मी नियुक्त हैं लेकिन दस महीने से वेतन न मिलने के कारण वह भी नहीं आते। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आरिफ हुसैन का कहना है कि साफ सफाई के लिए खंड विकास अधिकारी से बात की गई है जल्द ही अस्पताल में सफाई कराई जाएगी।

# प्राचार्य ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ किया प्रवेश कार्य का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश कार्य चल रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने प्रवेश समितियों द्वारा विभिन्न कक्षाओं एवं विषयों में किए जा रहे प्रवेश कार्य का निरीक्षण किया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीए, बीएससी गणित एवं जीव विज्ञान तथा बीकॉम में प्रवेश कार्य चल रहा है। परास्नातक स्तर पर भूगोल, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी, एमकाम, एमएससी गणित एवं एमएससी रसायन विज्ञान में भी प्रवेश कार्य शुरू हो गया है।



प्रवेश कार्य का निरीक्षण करते प्राचार्य व शिक्षकगण।

डॉ पांडे ने बताया कि महाविद्यालय के एमएससी रसायन विज्ञान की मान्यता इस वर्ष से विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान कर दी गई है जिसमें प्रवेश कार्य शुरू हो गया है। प्रवेश कार्य के निरीक्षण के दौरान प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ सी एन पांडे, डॉ देवेंद्र कुमार पांडे, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# बाइक सवार तीन युवक भैंस से टकराएं, हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रानीगंज से आ रहे बाइक सवार तीन युवक सड़क पर खड़ी भैंस से टकरा गए, जिसमें सभी गंभीर रूप से से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस सभी घायलों को सीएससी बेलखरनाथ धाम ले गईं। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी दिलीप कन्नौजिया (26), अजीत (24), अजय (20) वर्ष गुरुवार रात ग्यारह बजे एक ही बाइक पर रानीगंज से अपने घर बंधवा जा रहे थे। इसी बीच दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरेसुजात गांव के समीप सड़क पर खड़ी भैंस से बाइक टकरा गई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों के साथ ही उडैयाडीह बाजार में गस्त कर रहे हल्का सिपाही सत्यम शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंच गए और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस तीनों घायलों को सीएचसी बेलखरनाथ धाम ले गईं।

# जल निगम की पानी मोटर जलने से मचा हुआ हाहाकार

## आपरेटर की लापरवाही से आये दिन जल रही मोटर

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर के पूरे अली नकी मोहल्ले मे विगत तीन दिनों से जल निगम की मोटर जल जाने से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मोहल्ले के लोगो का कहना है कि आए दिन नगर पंचायत मानिकपुर की मोटर आपरेटर की लापरवाही से जल जाती है जिसके चलते नगर वासियों को पानी के लिए इधर उधर परेशान होना पड़ता है।

मोहल्ले के लोगो ने बताया कि मानिकपुर नगर पंचायत के पास अन्य कार्य करने के लिए पैसा है परंतु अलग से ज्यादा पैसा लगाने का कोई पैसा नही है ताकि जली पानी मोटर बदल सके और जनता को पानी से राहत मिल सके जिसकी शिकायत कई बार मोहल्ले के लोगों ने नगर पंचायत प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ़ डिम्पू भैय्या से कहा कि जल निगम में पानी की मोटर एक अलग से रखे लेकिन सिर्फ आश्वासन के अलावा आज तक अलग से मोटर नहीं मंगाई गई और न ही कभी स्टॉक में मोटर रहती है और न ही कोई पाट्र्स रहता है जब मोटर जल जाती है तब उनकी आंख खुलती है। हर महीने कोई न कोई दिन मोटर जलती जाती है जो दो-से चार दिन मे बनकर लगती है जब तक नगरवासी को पानी के लिए बाल्टी लेकर हैंडपम्पो पर जाकर लंबी लाइन लगा कर पानी लाते हैं। मोहल्ले में पानी का टैंकर आता है जिसमें पानी लेने के लिए लोगों में मारा मारी हो जाती कि। मजे की बात यह है कि आए दिन पानी मोटर आपरेटर की लापरवाही के चलते जल जाती है। नगर वासियों ने जिला अधिकारी राजीव रंजन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए जली हुई मोटर को तत्काल बदलवाकर दूसरी मोटर से पानी सप्लाई चालू करवाने की मांग की है जिससे मोहल्ले के लोगो को पानी से राहत मिल सके।

# एआरटीओ आफिस में पकड़े गये 11 दलाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गोड़े स्थित एआरटीओ आफिस में शुक्रवार की दोपहर मुख्य राजस्व अधिकारी व अडिशनल एसपी ने छापा मारा तो आफिस के अंदर 11 दलाल पकडे. गये जो आफिस में लोगों का काम कराने के लिये पैसा ऐंठने का कार्य करते हैं। बता दें कि एआरटीओ आफिस में वहां के कर्मचारियों की मिलीभगत से ये दलाल बहुत दिनों से सक्रिय हैं। आपका चाहे लाइसेंस हो, चाहे परमिट, सब कुछ ये काम करा देते हैं और इसके बदले वह अतिरिक्त धन लेकर उसका बंदरबांट करते हैं। इसकी शिकायत प्रशासन को मिली तो आज प्रशासन की ओर से मुख्य राजस्व अधिकारी और अडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे तो रंगेहाथ इन दलालों को पकड़ा गया जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

# मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराये जाने के दिये निर्देश

**मण्डलायुक्त ने वृक्षारोपण महाभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में की जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक**

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** मण्डलायुक्त, प्रयागराज विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को उदयन सभागार में 20 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण महाभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी विभागों को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान नहीं किया गया है वे ससमय पौधों के उठान का कार्य पूर्ण करा लें। उन्होंने कहा कि जनपद में पिछली बार वृक्षारोपण अभियान के तहत जो पौधे लगाये गये थे, उसमें से कितने प्रतिशत पौधे तैयार/सुरक्षित हैं, की भी जानकारी प्राप्त की बैठक में मण्डलायुक्त को अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वन विभाग को 952500 पौधा रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं, जिसमें से पौधारोपण के लिए 98 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया हैं। शेष अन्य विभागों को 1773765 पौधा रोपण का लक्ष्य दिया गया है, जिनके द्वारा पौधारोपण के लिए 5167 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया हैं। वृक्षारोपण के लिए 14 पौधशालाओं में कुल 47 प्रजातियों के 4169572 पौधे तैयार किये गये हैं। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं के लिए चारागाह की जो भी जमीन उपलब्ध करायी गई हैं, उसमें हरा चारा अवश्य बोया जाय बैठक में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं सभी उप जिलाधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें मण्डलायुक्त द्वारा बेनीराम कटरा स्थित बौद्ध बिहार नर्सरी का निरीक्षण भी किया गया।

## कोषागार में जीवित प्रमाण-पत्र अवश्य जमा करें पेंशनर पारिवारिक पेंशनर

**कौशाम्बी।** कोषागार से पेंशन आहरित करने वाले पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं, जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि के अन्तर्गत किसी तिथि को मृत्यु हो जाती है तथा उसकी सूचना कोषागार में ससमय प्राप्त नहीं होती है, ऐसे प्रकरणों में पेंशन का भुगतान कोषागार द्वारा जीवित प्रमाण-पत्र की अवधि तक किया जाता रहता है। जिसके कारण अधिक भुगतान की स्थिति उत्पन्न होती है। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि पारिवारिक पेंशन/जीवन कालीन अवशेष के लिए पात्र परिजन पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार को उपलब्ध करायें। मृत्यु की सूचना कोषागार को प्राप्त न होने पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन का अधिक भुगतान यदि हो जाता है तो बैंक खाते से ऐसी धनराशि का आहरण न किया जाय। यदि धनराशि का आहरण किसी परिजन द्वारा कर लिया जाता है, तो उसे तत्काल कोषागार के संज्ञान में लाते हुये यथास्थिति उसका समायोजन कराया जाय। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो कोषागार द्वारा अधिक भुगतान की गयी धनराशि की वसूली राजस्व बकाये की भांति कर ली जायेगी।

**पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्वनिधि से सम्वृद्धि के क्रियान्वयन में**

# नगर पंचायत सराय अकिल ने देश भर में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**कौशाम्बी।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ह्लस्वनिधि से सम्वृद्धि योजनाह्व में पूरे भारत वर्ष की नगर पंचायतों में जनपद कौशाम्बी की नगर पंचायत-सराय अकिल का चयन किया गया हैं। केन्द्रीय मंत्री, आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार मनोहर लाल खट्टर द्वारा नई, दिल्ली स्थित इंडियन हैबिटैट सेन्टर में आयोजित समारोह में पुरस्कार वितरण किया गया, जनपद की ओर से शहर मिशन प्रबन्धक कॉमरान अहमद ने केन्द्रीय मंत्री से पुरस्कार (शील्ड) प्राप्त किया। कॉमरान अहमद द्वारा आज पुरस्कार (शील्ड) को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ परियोजना अधिकारी डूंडा प्रबुद्ध सिंह को पुरस्कार (शील्ड) सौंपा गया। इस योजना का संचालन जनपद में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूंडा) विभाग द्वारा किया जाता हैं। इस योजना में रेहढ़ी/पटरी दुकानदार को रू0-10 हजार का ऋण दिया जाता है, जिसको जमा करने के उपरान्त उसे रू0-20 हजार का ऋण दिया जाता है व उसके पश्चात रू0-50 हजार का ऋण बैंक द्वारा दिया जाता हैं, जिससे वे अपने रोजगार को और बढ़ा सकें। ऋण प्राप्त लाभार्थी की स्वनिधि से सम्वृद्धि के अन्तर्गत प्रोफाइलिंग करायी जाती हैं, जिससे उन्हें एवं उनके परिवार को भारत सरकार की 08 जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाता हैं।



# विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने सौपा ज्ञापन

**कौशांबी।** गत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन अपनी बुनियादी मांगो और समस्याओं को विभिन्न तरीकों से उठाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लगातार समाधान की याचना करती आ रही है लेकिन आशा वर्कर्स यूनियन की समस्याओं के समाधान के प्रति सरकारी गंभीर नहीं है जिससे आशा वर्कर्स यूनियन का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है शुक्रवार को फिर जनपद मुख्यालय मंझनपुर में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की जिला अध्यक्ष गीतांजलि यादव के नेतृत्व में एकत्रित हुई आशा संघ के सदस्यों ने जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा है ज्ञापन के माध्यम से आशा वर्कर्स यूनियन ने मांग किया है कि उनके ऊपर लगातार काम का बोझ बढ़ाया जाता है लेकिन उनको दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशियों का उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता है जिन दो चार कार्यों को प्रोत्साहन रशियन दी जाती है उनका निर्धारण पूर्व में किया गया था उनके श्रम के सापेक्ष उन दरों में कभी कोई पुनः निर्धारण नहीं किया गया है भविष्य निधि ग्रेच्युटी किसी अन्य तरह की सामाजिक सुरक्षा यहां तक की साप्ताहिक वार्षिक अवकाश तथा एक दिन का भी मातृत्व अवकाश नहीं दिया जाता है यूनियन के सदस्यों ने कहा कि संगनी को मिलने वाली राशि को प्रोत्साहन राशि के बजाय मानदेय के रूप में संशोधित किया जाए तथा भुगतान की प्रणाली में अमूल चूल परिवर्तन करते हुए स्थाई भुगतान न्यूनतम वेतन के बराबर किया जाए गोल्डन कार्ड आयुष्मान कार्ड दस्तक बेलनेस सेंटर में योगदान टीवी कुष्ठ रोग निरोधक अभियान पोलियो के विरुद्ध अभियान हेल्थ प्रमोशन आदि समसामयिक कार्य में योगदान की वर्षों से बकाया अनुतोष राशियों का भुगतान अभिलंब किया जाए इसी तरह विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी ने जोरदार धरना प्रदर्शन सभा आंदोलन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौपा है इस मौके पर ममता देवी कल्पना देवी गीता देवी पिंकी देवी शिव शांति प्रियम उर्मिला सहित तमाम आशा संगिनी मौजूद रही

# पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर हुआ प्रारम्भ

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुंशी रामधनी जगरूप सिंह महाविद्यालय बैशकांटी में स्काउट और गाइड का पांच दिवसीय बी एड छात्राध्यापक छात्रा अध्यापिकाओ का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 19 जुलाई 2024 से प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सचिव स्काउट गाइड राम सुंदर सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक कुंवर करण वीर सिंह रहे ,जिला संगठन कमिश्नर जनपद कौशांबी श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला सचिव स्काउट गाइड राम सुंदर सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड एक ऐसी शिक्षा है, जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास कराता है, इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकुशलता एवं व्यक्तित्व का विकास होता है एक साथ मिलकर कार्य करने की भावना जागृत होती है। प्रबंधक कुंवर करण वीर सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में परिस्थिति के अनुसार कार्य करने की कला विकसित करेगा तथा समाज सेवा एवं सामूहिकता की भावना पैदा करेगा जिला मुख्यालय से आए प्रशिक्षक शिविर संचालक जिला संगठन कमिश्नर श्याम बाबू यादव एवं ट्रेनिंग काउंसलर सुश्री बंदना कुशवाहा ने प्रतिभागियों को ध्वज शिष्टाचार , टोली का गठन, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना आदि की जानकारी दी इस अवसर पर शिवेंद्र प्रताप सिंह, राघवेंद्र यादव बी एड प्रभारी , पवन कुमार यादव, कंचन सिंह, विजय कुमार मौर्य, गुरु प्रसाद, राम सिंह, उमाशंकर यादव, अरविंद कुमार यादव, अमित यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का कौशाम्बी भ्रमण कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 20 जुलाई 2024 को अपरान्ह 01:30 बजे हेलीपैड पुलिस लाइन, कौशाम्बी पहुँचेंगे। उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 01:40 बजे स्पोर्टस स्टेडियम,टेंवा पहुँचकर पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 (एक पेड़ माँ के नाम) के अवसर पर वृक्षारोपण करेंगे।तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 02:05 बजे काशीराम अतिथि गृह, ओसा में पार्टी पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओ से संवाद करेगे उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 02:40 बजे हेलीपैड पुलिस लाइन से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मंझनपुर तहसील में हुआ नवागत लेखपालों का स्वागत समारोह

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ मंझनपुर के द्वारा तहसील सभागार कक्ष में शुक्रवार को नवागत लेखपालों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।बीते साल उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा की गई लेखपाल भर्ती में चयनित हुए लेखपालों में 15 लेखपाल मंझनपुर तहसील में तैनात किए गए हैं। सभी नवागत लेखपालों का शुक्रवार को स्वागत स्वागत समारोह आयोजित करके लेखपाल संघ के द्वारा स्वागत पत्र प्रदान किया गया। संघ के पदाधिकारीयों ने नवागत लेखपालों को अपने कार्य क्षेत्र में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते हुए अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।इस अवसर पर लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुरेश सिंह, महामंत्री प्रमोद कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सहित सभी पदाधिकारी व लेखपाल मौजूद रहे।

## जमीन पर कब्जा मांगने पर भाई के साथ अभद्रता

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव निवासी बबलू पुत्र मुन्ने मिया रोजगार के चक्कर में अपना गांव घर छोड़कर हरदोई में परिवार सहित रहते हैं 15 जुलाई को वह परिवार सहित वापस गांव लौटे तो घर में देखा कि घर के अंदर के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है इस बारे में उन्होंने परिवार के लोगों से पूछताछ की तो उनके भाई जमील उद्दीन वा उसके घर की महिलाएं बेटी बेटा दामाद गाली गलौज करने लगी जान से मारने की धमकी देने लगे बबलू का कहना है कि उसके हिस्से की जमीन में बटवारा नही दिया जा रहा है बटवारा मांगने पर झगड़ा लड़ाई किया जाता है फर्जी मुकदमे में फंसने की धमकी दी जा रही है हिस्सा बंटवारा न मिलने से परेशान बबलू ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है।

## पेड़ से चढ़कर छत के सहारे घर में घुसकर हजारों की चोरी

**टेढ़ीमोड़ /कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव में पेड़ के सहारे घर के अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रुख नगदी सहित जेवरात उठा ले गए। पीड़ित ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है। बम्हरौली गांव का राजाराम पुत्र बिंदेश्वरी सरोज मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार की शाम वह परिवार के साथ खान पीना कर घर के बाहरी बरामदे में सो गया। सुबह उठा तो घर के अंदर का नजारा देख अवाक रह गया। पेड़ के सहारे घर की छत से उतरकर कमरे में दाखिल हुए चोरों ने कमरे में बक्से में रखा छह हजार नगद और चांदी की छह जोड़ा बिछिया व तीन जोड़ी चैनपट्टी उठा ले गए।

## अनुदान पर सोलर पंप के लिए किसान करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कृषकों के लिए विभिन्न क्षमता वाले हार्सपावर के एसी व डीसी सबमर्सिबल सोलर पम्पों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ हैं। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि कृषक इसका लाभ प्राप्त करनें के लिए वेबसाइट पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकतें हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म की सूचना कृषक के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर मैसेज के माध्यम से प्रेषित की जायेंगी तत्पश्चात कृषक द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर पोर्टल से ऑनलाईन चालान प्राप्त होने के बाद इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में कृषक को अंश जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत विभिन्न क्षमता के सोलर पंप 60 प्रतिशत अनुदान पर किसानों की सुविधाओं के लिए लगाया जायेंगा। सोलर पंप के तीन व पॉच हार्स पावर के लिए 6 इंच तथा साढ़े सात व दस हार्स पावर के लिए 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य हैं। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जानें पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेंगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेंगा। कृषक अंश की धनराशि जमा करनें के लिए कृषक को फोन किया जाता है तो कृषक इसे संज्ञान में न लें। अधिक जानकारी उप कृषि निदेशक कार्यालय, मंझनपुर से प्राप्त की जा सकतीं हैं।

# दौड़ा-दौड़ाकर लोगों को पीटा चार घायल वीडियो वायरल

**एसपी से शिकायत के बाद बौखलाई चौकी पुलिस ने दिया हमलावरों को बल, जमीन बेचकर पैसा लेने के बाद जमीन में कब्जा न देने की तीन दिन पहले एसपी से हुई थी शिकायत**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी अंतर्गत शहजादपुर गांव में ममता देवी वा श्वेता देवी ने अपने गांव के रिश्तेदारों से जमीन खरीदी थी जमीन खरीदने के बाद जमीन की पूरी कीमत विक्रेताओं को उन्होंने दे दी और जमीन का पंजीकृत बैनामा करवा लिया लेकिन जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा था जिस पर लगातार दोनों महिलाएं थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारियों की चौखट पर फरियाद कर रही हैं 3 दिन पहले महिलाओं ने फिर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर फरियाद कर जमीन पर कब्जा कराए जाने की मांग की जिसकी जांच और कार्यवाही का निर्देश पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को दिया महिलाओं का यह शिकायती प्रार्थना पत्र पुलिस चौकी टेढ़ी मोड़ को भेजकर महिलाओं को न्याय देने के निर्देश दिए गए लेकिन महिलाओं को जमीन पर कब्जा मिलने के बजाय शुक्रवार को जमीन विक्रेताओं ने महिलाओं के घर पहुंचकर लाठी डंडों से महिलाओं और उनके पति को बेरहमी से पीटा है दौड़ा दौड़ा कर पूरे परिवार को मारा पीटा गया है घर के समान को तोड़फोड़ किया गया है इस घटना में ममता देवी पत्नी सुनील कुमार वा सुनील कुमार वा श्वेता देवी के पति नवल वा आशुतोष पुत्र रामनाथ को चोट आई हैं गंभीर मामला होने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर शांति भंग की धारा 151 के तहत दोनों पक्षों के ऊपर कार्यवाही कर दी है जिससे चौकी पुलिस और थाना पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं आखिर जिसने हमला किया उस पर क्यों मुकदमा नही दर्ज किया गया जिसके ऊपर हमला हुआ उसे शांति भंग में पुलिस ने क्यों पाबंद कर दिया थाना पुलिस और चौकी पुलिस जमीन बेचकर पैसा लेने वालों को बल देकर के उनका हौसला बढ़ा रही है जिससे पैसा देकर के जमीन खरीदने वाले लोगों को कब्जा मिलता नहीं दिख रहा है अधिकारियों के यहां शिकायत करने के बाद जमीन बेचकर पैसा वाले लेने वाले लोग हमला कर रहे हैं जिससे थाना चौकी पुलिस पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं इतना ही नहीं हमला करने वाले लोगों की गिरफ्तारी कर उन पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने के बजाय थाना पुलिस ने पीड़ित पर ही शांति भंग की कार्यवाही कर दी है सवाल उठता है के जमीन खरीद कर पंजीकृत बैनामा कराने के बाद जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है आखिर पर्याप्त साक्ष्य सबूत होने के बाद जमीन के विवाद का निस्तारण कैसे होगा जमीन बेचकर पैसा लेने वाले लोग जमीन न देने पर उन पर क्या कार्रवाई होगी या फिर जमीन खरीदने वाले लोगों पर इसी तरह हमले होते रहेंगे यदि इस प्रकरण में पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई को चौकी पुलिस की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े होंगे।

## न्यूज झरोखा

### कौशाम्बी के युवक की हाथरस में ट्रेन से गिर कर मौत



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र का युवक रोजी-रोटी के चक्कर में ट्रेन से दिल्ली जा रहा था लेकिन रास्ते में हाथरस के पास अचानक वह ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी है मौत की जानकारी जैसे ही परिवार में पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक तहसील सिराथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोखराज के गरीब का पूरा निवासी मिथुन उम्र 24 वर्ष पुत्र चौबे लाल अपने कुछ अन्य साथियों के साथ रोजी रोटी परिवार के भरण पोषण के लिए ट्रेन से दिल्ली जा रहा था हाथरस के पास शालिनी स्टेशन जैसे ही ट्रेन पहुंची मिथुन ट्रेन के नीचे अचानक गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई साथ जा रहे गांव के साथियों ने मौत की सूचना घर पर दी सूचना पाते ही परिजन मौके पर पहुंच गए जीआरपीए के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया परिजन मृतक के शव को लेकर अपने घर कौशाम्बी आ गए परिजनों में कोहराम मचा है परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा इंडिया एटीएम बूथ पर 18 जुलाई को पैसा निकालने आए एक युवक से एटीएम बूथ के पास रहे 2 युवकों ने उसका एटीएम बदलकर ठगी की थी । जिसे आज सैनी पुलिस ने खुलासा करते हुए दोनो अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक महेंद्र कुमार पुत्र महेश निवासी बिछियावा जिला फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा स्थित इंडिया बैंक से पैसा निकाल रहा था उसी समय मौके पर पहुंचे 2 युवकों ने सहयोग करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर महेंद्र को दूसरा कार्ड दे दिया और मौका पाकर महेंद्र के कार्ड से 2500 रुपए तथा 10 हजार निकाल कर फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों को मंडी समिति गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार युवकों की शिनाख्त सिद्धार्थ कुमार पुत्र गेंदा लाल निवासी ग्राम बढ़नी पोस्ट पडवासी प्रतापगढ़ और दूसरा अनुराग तिवारी पुत्र शिवकुमार निवासी मनी पुर लालगंज थाना प्रतापगढ़ के रूप में हुई है आरोपियों के पास छल करके निकाले गए रुपयों में 2500 रुपए व विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम कार्ड ,2 मोबाइल बरामद हुए हैं।आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### अधिवक्ता की पुत्री के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने व्यक्त किया दुख




**कौशाम्बी।** जिला बार एसोसिएशन कौशांबी के महामंत्री अधिवक्ता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी की पुत्री वैशाली त्रिपाठी उर्फ तन्नू का आकस्मिक निधन हो गया है जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय एवं समस्त कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने कड़ाघाट में जाकर बेटी अंतिम संस्कार में शामिल हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने लक्ष्मीकांत त्रिपाठी से मिलकर दिलासा दिया और कहा कि इस दुःख की घड़ी में मैं और कांग्रेस पार्टी कौशांबी का हर सदस्य आपके साथ खड़ा है भगवान मृतक आत्मा को शांति दे। दुःख की घड़ी में चायल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तलत अजीम सतेंद्र प्रताप सिंह अमित द्विवेदीआजाद देवेश श्रीवास्तव, कौशलेश द्विवेदी, शशि त्रिपाठी, विक्की पांडेय, कैलाश केशरवानी ,बालेंद्र यादव इत्यादि लोग इस दुख की घड़ी में शोका कुल परिवार से मिलने गए।

### अधीक्षक के नेतृत्व में गांव में हुई ग्रामीणों की जांच, वितरित की गई दवाएं



**अझुवा कौशांबी।** कड़ा ब्लॉक के धुमाइ गांव में एक सप्ताह से 3 मौतों के बाद स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया आज शुक्रवार को डा. विकास यादव,सुपर वाइजर नायब राम ,पूजा मिश्रा जितेंद्र कुमार ,सुनीता देवी एवम जिला से मलेरिया इंचार्ज रवी कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने 2 कैंप लगाकर 13 लोगों की मलेरिया आदि की जांच की 18 लोगों को सर्दी ,जुखाम,बुखार,उल्टी दस्त,क्लोरीन आदि का वितरण किया कड़ा इस्माइल पुर स्वास्थ्य अधीक्षक डा सऊद ने बताया कि अभी टैंकर से पानी भेजवाया जा रहा है तालाब किनारे स्थित हैंडपंप से पानी पीने को उन्होंने मना किया है।घुमाई गांव में युद्ध स्तर पर सेनेटाइज किया जा रहा है।

### अधिशासी अधिकारी आवास का हुआ उद्घाटन



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 11 नेता नगर में पुलिस चौकी के पास राज्य वित्त से 14.50 लाख रुपए से नव निर्मित अधिशासी अधिकारी आवास का विधि विधान से पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया है इस मौके पर चेयर मैन शांती कुशवाहा ने 407 पिकप में पानी टैंकर और एक सादा टैंकर नगर वासियों को समर्पित किया अधिशासी अधिकारी कार्यालय कर्मी के अनुसार पिकप पानी टैंकर राज्य वित्त से 17 लाख रुपए का मंगाए गए हैं वहीं सादा पानी टैंकर 6 लाख से क्रय किया गया है इस अवसर पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव,सभासद प्रतिनिधि सुरेश मौर्य,सभासद प्रतिनिधि सुरेश केसरवानी,सभासद मनोज त्रिपाठी,सभासद शत्रुघ्न कुमार सहित नगर पंचायत के सभी सभासद मौजूद रहे हैं।

### डिवाइडर से टकराई कार 4 लोग घायल



**हर्रायपुर कौशांबी** प्रयागराज से मूरतगंज की ओर जा रही मारुति कार अनियंत्रित होकर संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहावा मोड के पास डिवाइडर से टकरा गई है जिससे कार सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए हैं मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस मूरतगंज और एंबुलेंस को दिया हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक संदीपनघाट थाना क्षेत्र के काशिया पूर्व गांव निवासी असलम पुत्र अनीश अपने साथी राजा पुत्र महताब निवासी जलालपुर इरशाद पुत्र नौशाद निवासी कासिया पूरब और मोहम्मद कैफ पुत्र बब्बू निवासी काशिया पूर्व के साथ मारुति कार से शुक्रवार को इलाहाबाद से अपने गांव वापस लौट रहे थे जैसे ही कार सवार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहावा के पास पहुंचे उनके कार आनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई है जिससे कार सवार चारो लोग घायल हो गए हैं सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज कुमार तोमर ने घायलों को इलाज के लिए मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

संपादक की कलम से

# गुरु के सम्मान का पर्व है गुरु पुर्णिमा

गुरु शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरू में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है। संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं ।

गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरम्भ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-सन्त एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है।

गुरु पूर्णिमा गुरु व शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है।

महान संत कबीरदास जी ने गुरु के महत्व को इस तरह बताया है-

**गुरू गोविन्द दोऊ खड़े काके लागु पांय,**
**बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय।**

अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हो तो गुरु के चरण पहले छूना चाहिये क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राज सिंहासन पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरुर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर होता है। प्राचीन भारत में आज की तरह स्कूल, कॉलेज नहीं होते थे। उस समय गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जाती थी। समाज के सभी वर्गों के बालक गुरुकुल जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। वो गुरुकुल (आश्रम) में ही रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गए। आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्त्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है।

यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था वे कबीरदास के शिष्य थे।

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्यौहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है।

आषाढ़ की पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है कि गुरु तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह हैं। जो पूर्ण प्रकाशमान हैं और शिष्य आषाढ़ के बादलों की तरह। आषाढ़ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरू अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा का महत्व है।

गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी व ज्ञानवर्धक होता है। इसलिए इस दिन गुरु पूजन के उपरांत गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमे गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नही बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। अब तो आध्यात्मिक शांति के लिए अनेक लोग किसी न किसी गुरु की शरण में चले जाते है। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु की कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरु जनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिये। उन्होंने जो ज्ञान हमे दिया उनका मूल्य कभी भी नही चुकाया जा सकता है।

## सर्वोच्च न्यायालय में मनी बिल को चुनौती, सत्तारूढ़ भाजपा की कमजोरी और बढ़ी

**- के रवींद्रन**

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कानूनी चुनौती केवल संवैधानिक प्रावधानों की तकनीकी व्याख्या के बारे में नहीं है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए व्यापक निहितार्थों के बारे में भी है। यह कार्यपालिका और विधायी शाखाओं के बीच शक्तियों के संतुलन और संवैधानिक सिद्धांतों को बनाये रखने में न्यायिक निगरानी की भूमिका के बारे में मौलिक प्रश्न उठाता है।

अगर 'आधार' एक पैसे का मामला है, तो किसी भी चीज का मतलब कुछ भी हो सकता है। यह उन प्रमुख दुविधाओं में से एक होगी, जिस पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ विचार करेगी, जब वह विवादास्पद विधेयकों को आगे बढ़ाने में विधायी बाधाओं को दूर करने के लिए मोदी सरकार द्वारा मनी बिल वाले मार्ग के अनुचित इस्तेमाल के खिलाफ याचिकाओं पर विचार-विमर्श शुरू करेगी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने इस सप्ताह फैसला किया कि समय आ गया है कि विद्वान न्यायाधीश काम पर लग जाएं, क्योंकि पिछले साल अक्टूबर में जब से बेंच की घोषणा की गयी थी, तब से बेंच लगभग निष्क्रिय रही है।

यह मुद्दा भारतीय संविधान की धारा110 की व्याख्या और अनुप्रयोग पर केंद्रित है, जो परिभाषित करता है कि मनी बिल क्या होता है। धन विधेयक, सामान्य विधेयकों के विपरीत, राज्यसभा की स्वीकृति के बिना पेश और पारित किये जा सकते हैं, जिससे विपक्ष के प्रभुत्व वाले उच्च सदन की जांच और संभावित अवरोध को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सकता है। सरकार ने आधार कानून को धन विधेयक के दायरे में लाने के लिए कमजोर वर्गों को प्रभावी सब्सिडी प्रदान करने के साधन के रूप में आधार की एक दूरगामी परिभाषा प्रदान की थी। लेकिन इसने व्यापक रूप ने लोगों को चौंका दिया था। विपक्षी दलों और कानूनी विशेषज्ञों सहित आलोचकों का तर्क है कि सरकार संसदीय निगरानी से बचने और जल्दबाजी में कानून बनाने पर रोक लगाने के लिए राज्यसभा की भूमिका को कमजोर करने के उद्देश्य से धन विधेयक प्रावधान का दुरुपयोग कर रही है। उनका तर्क है कि धन विधेयक के रूप में वर्गीकृत कई विधेयक संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं और राज्यसभा में विपक्ष को दरकिनार करने के लिए उन्हें गलत तरीके से वर्गीकृत किया गया है।

# यूपी ने बजा दी भाजपा की पीपी

**@ राकेश अचल**



पहले कहावत थी कि - माया महा ठगिनी हम जानी 'अब कहा जाता है कि - सत्ता महा ठगिनी हम जानी। यूपी यानी हमारा प्यारा उत्तर प्रदेश एक बार फिर महारथियों के गले की हड्डी कहिये या गले की फांस बन गया है। 2024 के आम चुनाव में इसी यूपी में चारों खाने चित हुई भाजपा की समझ में नहीं आ रहा है कि वो देश की सत्ता के इस प्रवेश द्वार का चौकीदार बदलें या रहने दें ? यूपी में आने वाले दिनों में एक साथ विधानसभा की 10 सीटों के उप चुनाव भी होना है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नाथने के लिए मोशा की जोड़ी ने पिछले 7 साल में क्या कुछ नहीं किया। यूपी के एक राजपथ पर नमो ने मुख्यमंत्री योगी को सार्वजनिक रूप से अपनी जीप के पीछे कदमताल कराई थी। देश के इतिहास में देश के सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री की ये पहली सार्वजनिक बेइज्जती थी, लेकिन योगी जी योगी ठहरे। शिवभक्त हैं इसलिए अपमान का ये घूँट भी अमृत समझकर पी गए। बाद में मोशा की जोड़ी ने योगी जी को छकाने के लिए उनके दाएं-बाएं एक-एक उपमुख्यमंत्री नत्थी कर दिया लेकिन बात नहीं बनी। योगी को नाथने में मोशा कामयाब नहीं हुए।

आपको पता है कि योगी आदित्यनाथ नाथ सम्प्रदाय से आते हैं। उन्हें उनके गुरु ही नाथ पाए हैं, दूसरा और कोई नही। लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा का 400 पार का सुन्दर सपना टूटा तो योगी विरोधी एक बार योगी पर राशन-पानी लेकर पिल पड़े। बेचारे लखनऊ से दिल्ली की दौड़ लगा-लगाकर थक गए किन्तु योगी को मुख्यमंत्री पद से विदाई नहीं दिला पाए। योगी जी का सिंघासन हिला पाना उनके विरोधियों के लिए आसान नहीं है। आप इसे टेढ़ी खीर समझिये।

योगी को सत्ताच्युत करने का मन मोशा की जोड़ी का भी है लेकिन वे साहस नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें पता है कि इस समय उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भाजपा का हिंदुत्ववादी एजेंडा चलाने वाला कोई दूसरा नेता भाजपा के पास नहीं है। कम से कम उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तो कतई नहीं हैं। दूसरे उप मुख्यमंत्री की हैसियत भी योगी के मुकाबले शून्य है। दोनों उपमुख्यमंत्री लोकसभा चुनावों में अपने-अपने इलाकों में नाकाम साबित हो चुके हैं। भाजपा यदि जम्मू-कश्मीर के उप राज्य पाल मनोज सिन्हा को भी उत्तर प्रदेश में योगी का विकल्प नहीं बना सकती। भाजपा का ही नहीं बल्कि संघ का हाईकमान भी जानता है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैसे नहीं बदला जा सकता जैसे कि गुजरात में मुख्यमंत्रियों को बदला जाता है।

यूपी, गुजरात नहीं है यूपी है। यहां गुजराती मॉडल कामयाब होने वाला नहीं है। दो दिन के लम्बे विचार विमर्श के बाद योगी जी के प्रमुख प्रतिद्वंदी उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य लखनऊ वापस लौटे लेकिन खाली हाथ।

उन्हें मोशा की जोड़ी योगी को हटाने का आश्वासन नहीं दे पायी। दे भी नहीं सकती, क्योंकि योगी इस समय भाजपा की मजबूरी बन गए है। बिना योगी के यूपी में भाजपा को अपने पांव जमाये रखने में बहुत समस्या हो सकती है। मोशे की जोड़ी जानती है कि जिस तेजी से यूपी में भाजपा की मुठ्ठी से जनसमर्थन बालू की तरह खिसक रहा है उसे देखते हुए नेतृत्व परिवर्तन का जोखिम नहीं लिया जा सकता।

योगी आदित्यनाथ के पास सियासत करने के लिए अभी बहुत समय है। वे अभी कुल 52 के हुए है। योगी हवाई जहाज से राजनीति में नहीं उतरे। वे विधायक रहे, फिर संसद बने और फिर मुख्यमंत्री। योगी ने सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का सम्पूर्णानन्द का कीर्तिमान भंग कर दिया है। वे 2017 से लगातार यूपी के मुख्यमंत्री हैं। उन्हें भाजपा ने पहली बार अपनी जरूरत के हिसाब से और दूसरी बार मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया था। अब भाजपा को ये तय करना है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार के बावजूद योगी जी को आगे भी मुख्यमंत्री पद पर रखा जाये या नहीं ?

आपको ध्यान देना होगा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा के ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो संघ दीक्षित नहीं है। उन्होंने दीक्षा अपने चाचा महंत अवैद्यनाथ से ली थी। इसलिए योगी जी को न भाजपा नाथ पा रही है और न आरएसएस। वे सबसे अलग हैं। योगी चार बार के सांसद हैं। उनकी अपनी हिन्दू वाहिनी है जो बजरंग दल या विहिप जैसी नहीं है। यानि योगी भाजपा की कृपा से राजनीति में नहीं हैं। वे जिस पार्टी के मंच से राजनीति करेंगे अपना वजूद बनाये रखेंगे। योगी जी पिछले एक दशक में भी बदले नहीं है। वे पहले भी मुस्लिम विरोधी राजनीति करते थे और आज भी कर रहे हैं। 2008 के योगी और 2024 के योगी में कोई फर्क नहीं है। वे उस समय भी दंगावीर थे और आज भी ये हैसियत रखते हैं लेकिन संविधान उन्हें ऐसा करने से रोके हुए है।

आने वाले दिनों में योगी जी अपने पद पर रहेंगे या जायेंगे इसकी भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती, लेकिन अनुमान लगाया जा सकता है। मेरा अपना अनुभव कहता है कि योगी आदित्यनाथ को घर बैठना भाजपा के बूते की बात नहीं है। योगी न तो वसुंधरा राजे सिंधिया हैं और न शिवराज सिंह चौहान। वे आनंदी बाई पटेल भी नहीं हैं। उन्हें उत्तराखंड के त्रिवेंद्र सिंह रावत की तरह भी नहीं समझा जा सकता। जाहिर है कि योगी जी तभी मुख्यमंत्री पद से हटेंगे जब वे खुद ऐसा चाहें। उन्हें दबाकर, डराकर, धमकाकर मुख्यमंत्री पद से हटाना भाजपा के लिए आसान नहीं है। भाजपा के लिए बेहतर होगा कि वो सब्र से काम ले और योगी जी को तब तक झेले जब तक की वे खुद अपने मठ में वापस लौटने की इच्छा प्रकट न कर दें। क्योंकि आज की परिस्थितियों में एक योगी आदित्यनाथ ही हैं जो राहुल - अखिलेश की जोड़ी का सामना कर सकते है। भाजपा के तरकश में योगी से ज्यादा प्रभावी कोई दूसरा तीर मुझे तो नहीं दिखाई देता।

## कांवड़ यात्रा से पहले विवादास्पद फैसला

उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुजफ्फरनगर और पश्चिमी यूपी के अन्य इलाकों में कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल, ठेले पर फल या अन्य खाने-पीने का सामान बेचने वाले लोगों से मालिक और कर्मचारियों के नाम लिखकर लगाने को कहा है। और कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इस विवादास्पद फैसले को वापस नहीं लिया गया है। कांवड़ यात्रा को लेकर पहले भी कई किस्म के धार्मिक पूर्वाग्रह देखे जा चुके हैं। जैसे कांवड़ यात्रा के लिए करीब 33 हजार पेड़ों को काटने का फैसला लिया गया, ताकि सड़क चौड़ी हो और श्रद्धालुओं को सुविधा हो। जब पेड़ों के काटे जाने पर विरोध दर्ज कराया गया तब राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने उन इलाकों की सेटेलाइट तस्वीर मांगी, जहां पेड़ काटे गए। लेकिन इस कार्रवाई से हरियाली पर चली कुल्हाड़ी बेअसर तो नहीं हुई। इसी तरह कुछ समय पहले कांवड़ियों पर यूपी के एक डीजीपी ने सरकारी हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए थे, जो सरासर प्रशासनिक दायित्व और नैतिकता का उल्लंघन था। सरकार और प्रशासन की ओर से लिए गए इन फैसलों को मानसिक दिवालियापन की श्रेणी में रखा जा सकता है। लेकिन अब जो फैसला लिया है, वह खुली चेतावनी दे रहा है कि भारत तेजी से नाजी दौर वाली जर्मनी के युग में धकेला जा रहा है।

पाठकों को याद दिला दें कि जर्मन तानाशाह हिटलर के प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स ने मई 1938 में जर्मन यहूदियों के लिए 'सामान्य पहचान चिह्न' का सुझाव दिया था। जिसके बाद नाजी अधिकारियों ने 1939 और 1945 के बीच यहूदियों को पीले सितारे वाले बैज को लगाने का आदेश दिया था, ताकि उन्हें अलग से पहचाना जा सके और उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाए। जो यहूदी अपनी पहचान बताने वाले बैज को नहीं पहनता था, उसे अपमानित और दंडित किया जाता था।

पहचान के नाम पर नागरिकों में भेद करने का जो काम सौ साल पहले जर्मनी में हुआ, क्या वैसे ही किसी कृत्य के लिए आज के भारत में कोई स्थान होना चाहिए, यह एक गंभीर सवाल है, जिस पर सभी लोगों को विचार करना चाहिए। वैसे उप्र पुलिस के इस आदेश की निंदा होनी शुरू हो चुकी है। अखिलेश यादव और असद्दुदीन ओवैसी जैसे नेताओं ने इसकी भर्त्सना की है। माननीय न्यायालय से यह अपेक्षा जतलाई गई है कि वह इस संबंध में स्वतः संज्ञान लेगी।

हालांकि उप्र पुलिस ने इस फैसले के पक्ष में दलील दी है कि यात्रियों को 'किसी भी भ्रम से बचने के लिए' ये निर्देश कांवड़ यात्रा रूट के लिए खासतौर पर जारी किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि ताकि कांवड़ियों के बीच कोई भ्रम न हो और भविष्य में कोई आरोप न लगे, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो। पुलिस ने दावा किया कि हर कोई अपनी मर्जी से इसका पालन कर रहा है। एक लचर तर्क यह भी दिया गया है कि इस आदेश का इरादा किसी भी प्रकार का 'धार्मिक भेदभाव' पैदा करना नहीं था, बल्कि केवल भक्तों को सुविधा देना था। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि, 'अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने वाले कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों का नाम इस तरह रखा, जिससे कांवड़ियों के बीच भ्रम पैदा हुआ और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई।'

अब सवाल यह है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की है या दुकानदारों की। इस देश का संविधान किसी को भी अपनी मर्जी का नाम रखने से नहीं रोकता है, फिर चाहे वह संतान का नाम हो या दुकान का। और अगर धर्म का पालन करने के नाम पर कांवड़ लेकर निकल रहे लोगों में इतनी समझ और सहनशक्ति नहीं है कि वह किसी के नाम से ही आहत हो जाएं तो फिर उनके धार्मिक होने पर ही संदेह है।


अगर किसी को दूसरे धर्म के लोगों से खाद्य सामग्री खरीदने में धर्मभ्रष्ट होने का खतरा दिखता है, तो फिर ऐसे संकुचित मानसिकता के लोगों को यह भी पता कर लेना चाहिए कि जिस सड़क पर वो चलेंगे, उसे बनाने वाले कौन से धर्म के थे, जिन कपड़ों को वे पहनेंगे, उसका धागा कहां से आया, जिस कांवड़ को वे ढोएंगे, उसे किस जाति, धर्म के लोगों ने बनाया। रास्ते में जिन शामियानों के नीचे वो आराम करने बैठेंगे या जिन लाउड स्पीकरों पर वे तेज आवाज में अपनी भक्ति का प्रदर्शन करेंगे, उसे किन लोगों ने बनाया है। केवल विधर्मी दुकानदारों से सामान न खरीद कर क्या होगा, धर्मांधता का पालन करना है तो फिर सारे मापदंडों के साथ करें।

यह देखना दुखद है कि यह धर्मांधता अब राज्य प्रायोजित हो चुकी है। कोरोनाकाल में तब्लीगी जमात के लोगों पर पहले कोरोना के प्रसार का इल्जाम लगाया गया, तब अस्पतालों में इसी तरह की शिनाख्त का सिलसिला शुरू हुआ। उसी दौरान अल्पसंख्यकों के आर्थिक बहिष्कार के कई उदाहरण सामने आए। तब भी इन कार्यों की निंदा हुई, लेकिन छोटे पैमाने पर और समाज ने तब सरकार से इस नफरती कारोबार का हिसाब नहीं मांगा।

# ईश्वर-तुल्य गुरु जीवन को नया घाट देते हैं

**-ललित गर्ग-**





गुरु पूर्णिमा का भारतीय संस्कृति सर्वोपरि महत्व है, यह गुरु-पूजन का पर्व है। सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पर्व, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। गुरु एक ऊर्जा है, एक शक्ति है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिये पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी होता है। इसदिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और अपने गुरु को यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र, उपहार आदि भेंट करते हैं। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वरतुल्य गुरु, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को सचेतन व्याख्या देता है। काव्यात्मक भाषा में कहा गया है- गुरु पूर्णिमा के चांद जैसा और शिष्य आषाढ़ी बादल जैसा। गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। इसीलिये इस दिन गुरु की पूजा की जाती है इसलिए इसे ह्यगुरु पूजा दिवसह्ल भी कहा जाता है। ह्यआचार्य देवोभवःह्ल का स्पष्ट अनुदेश भारत की पुनीत परंपरा है और वेद आदि ग्रंथों का अनुपम आदेश है। ऐसी मान्यता है कि हरिशयनी एकादशी के बाद सभी देवी-देवता चार मास के लिए सो जाते है। इसलिए हरिशयनी एकादशी के बाद पथ प्रदर्शक गुरु की शरण में जाना आवश्यक हो जाता है। परमात्मा की ओर संकेत करने वाले गुरु ही होते है। गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके।

हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है।

गुरु पूर्णिमा के मौके पर वे लोग परेशान होते हैं जिनके कोई गुरु नहीं हैं कि वे किसकी पूजा करके आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसे लोगों की चिंता का समाधान तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है।

भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है। गुरु एक तरह का बांध है जो परमात्मा और संसार के बीच और शिष्य और भगवान के बीच सेतु का काम करते हैं। इन गुरुओं की छत्रछाया में से निकलने वाले कपिल, कणाद, गौतम, पाणिनी आदि अपने विद्या वैभव के लिए आज भी संसार में प्रसिद्ध है। गुरुओं के शांत पवित्र आश्रम में बैठकर अध्ययन करने वाले शिष्यों की बुद्धि भी तद्नुकूल उज्ज्वल और उदात्त हुआ करती थी। पाठ्य पुस्तकों में कुछ नीतिपरक श्लोकों को जोड़ने अथवा बच्चों को तोते की तरह गायत्री मंत्र रटाने या अंग्रेजी शैली में योग को ह्ययोगाह्ल करने से न तो चरित्र निर्माण होता है और न भावी पीढ़ी में ज्ञान का हस्तांतरण ही संभव है। ज्ञान तो गुरु से ही प्राप्त हो सकता है लेकिन गुरु मिलें कहां? अब तो ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं पर गुरु नदारद हैं।

आज नकली, धूर्त, ढोंगी, पाखंडी, साधु-संन्यासियों और गुरुओं की बाढ़ ने असली गुरु की महिमा को घटा दिया है। असली गुरु की पहचान करना बहुत कठिन हो गया है। भगवान से मिलाने के नाम पर, मोक्ष और मुक्ति दिलाने के नाम पर, कुण्डलिनी जागृति के नाम पर, पाप और दुःख काटने के नाम पर, रोग-व्याधियां दूर करने के नाम पर और जीवन में सुख और सफलता दिलाने के नाम पर हजारों धोखेबाज गुरु पैदा हो गये हैं जिनको वास्तव में कोई आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है। जो स्वयं आत्मा को नहीं जानते वे दूसरों को आत्मा पाने का गुर बताते हैं। तरह-तरह के प्रलोभन देकर धन कमाने के लिए शिष्यों की संख्या बढ़ाते हैं। जिसके बाड़े में जितने अधिक शिष्य हों वह उतना ही बड़ा और सिद्ध गुरु कहलाता है। मूर्ख भोली-भाली जनता इनके पीछे-पीछे भागती है और दान-दक्षिणा देती है। ऐसे धन-लोलुप अज्ञानी और पाखंडी गुरुओं से हमें सदा सावधान रहना चाहिए। कहावत है कि ह्यपानी पीजै छान के और गुरु कीजै जान के ह्ल

योग दर्शन नामक पुस्तक में भगवान श्रीकृष्ण को जगतगुरु कहा गया है क्योंकि महाभारत के युद्ध के दौरान उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था। माता-पिता केवल हमारे शरीर की उत्पत्ति के कारण है लेकिन हमारे जीवन को सुसंस्कृत करके उसे सवांग सुंदर बनाने का कार्य गुरु या आचार्य का ही है। पहले गुरु उसे कहते थे जो विद्यार्थी को विद्या और अविद्या अर्थात आत्मज्ञान और सांसारिक ज्ञान दोनों का बोध कराते थे लेकिन बाद में आत्मज्ञान के लिए गुरु और सांसारिक ज्ञान के लिए आचार्य-ये दो पद अलग-अलग हो गए। भारत के महान- दार्शनिक ओशो ने जब यह कहा कि हमारी शिक्षण संस्थाएं अविद्या का प्रचार कर रही हैं तो लोगों ने आपत्ति की लेकिन वे बात सही कह रहे थे। आज हमारे विद्यालयों में ज्ञान का नहीं बल्कि सूचनाओं का हस्तांतरण हो रहा है। विद्यार्थियों का ज्ञान से अब कोई वास्ता नहीं रहा इसलिए आज हमारे पास डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, वैज्ञानिक और वास्तुकारों की तो एक बड़ी भीड़ जमा है लेकिन ज्ञान के अभाव में चरित्र और चरित्र के बिना सुंदर समाज की कल्पना दिवास्वप्न बन कर रह गई है।

गुरु के प्रति अविचल आस्था ही वह द्वार है जिससे ज्ञान का हस्तांतरण संभव है। हमें इन तथ्यों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह सत्य है कि आज हम जिस सामाजिक और आर्थिक परिवेश में सांस ले रहे हैं वहां इन पुरानी व्यवस्थाओं की चर्चा निरर्थक हैं परंतु इनके सार्थक और शाश्वत अंशों को तो हम ग्रहण कर ही सकते हैं। सच्चा गुरु ही भगवान तुल्य है। इसीलिए कहा गया है कि ह्यगुरु-गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपनो जिन गोविंद दियो मिलाय ह्ल यानी भगवान से भी अधिक महत्व गुरु को दिया गया है। यदि गुरु रास्ता न बताये तो हम भगवान तक नहीं पहुंच सकते। अतः सच्चा गुरु मिलने पर उनके चरणों में सब कुछ न्यौछावर कर दीजिये। उनके उपदेशों को अक्षरशः मानिये और जीवन में उतारिये। सभी मनुष्य अपने भीतर बैठे इस परम गुरु को जगायें क्योंकि गुरु जीवन को नया घाट देते हैं। यही गुरु-पूर्णिमा की सार्थकता है तथा इसी के साथ अपने गुरु का भी सम्मान करें।

# राजकीय महाविद्यालय पाही का करें विकास: डीएम

## पचास लाख से अधिक लागत कार्यों की हुई समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सीएम डैशबोर्ड से विकास कार्यों व पचास लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट, एकीकृत बागवानी, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कुसुम योजना, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सड़कों का निर्माण, एम्बुलेंस संचालन, स्वास्थ्य सुविधायें, राज्यवित्त/१५वें वित्त आयोग, पर्यटन विकास, निपुण भारत अभियान, पोषण मिशन, मिड-डे-मील, गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, शादी अनुदान, मत्स्य सम्पदा, पेंशन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, श्रम सम्मान, पारिवारिक लाभ, एक जनपद एक उत्पाद आदि योजनाओं की समीक्षा की।



आधिकारियों के साथ समीक्षा करते डीएम।

शुक्रवार को कलेक्टेट्ट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि स्वयं सहायता समूह की ग्रेडिंग की रैंकिंग बहुत कम है। अग्रणी जिला प्रबंधक से तालमेल कर बैंकों से स्वयं सहायता समूह को ऋण दिलवायें। परियोजना निदेशक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में विकासखंड कर्वी की प्रगति बहुत खराब है, सुधार करायें। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन फेज टू के तहत कार्य योजना में प्रगति करायें। स्वच्छ भारत मिशन की बैठक करायें। सीबीओ से कहा कि किसानों की फसलों को देखते हुए निराश्रित गौवंशों को शासकीय गौशालाओं में संरक्षित करायें। जिलाधिकारी ने पचास लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में राजकीय महाविद्यालय पाही, उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र, पर्यटन सुविधा केंद्र, पर्यटन कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफेंस कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल, थाना भरतकूप, सरधुआ के आवासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केंद्र निर्माण, ड्रग वेयरहाउस आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि जो विकास कार्यों के निर्माण चल रहे हैं, उनमें प्रगति ठीक नहीं है। निर्माण कार्यों को शासन की मंशानुसार समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करायें। जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, उसमें भूमि संबंधी कोई समस्या हो तो तत्काल बतायें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्यटन विकास के हो रहे कार्यों की प्रगति बाबत डीपीआर समेत बतायें। बैठक में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, सीएमएस डॉ बंदना श्रीवास्तव, सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र, पीडी सचिदानन्द, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम की पहल पर पालेश्वरनाथ मंदिर में पहुंचा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी कस्बे में पहाड़ पर विराजमान पालेश्वरनाथ मंदिर में डेढ़ माह से मंदिर में बनी टंकी में पानी न पहुंचने से मंदिर के पुजारियों समेत श्रद्धालु बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। कई बार पत्र व फोन से जल संस्थान को बताया गया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने धर्म के काम में रुचि नहीं दिखाई। जिलाधिकारी की पहल पर जल संस्थान सक्रिय हुआ। शुक्रवार को मन्दिर के पुजारी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि २२ जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। सावन माह में कस्बावासी हर वर्ष अखंड रामायण पाठ एक माह तक करते हैं। सैकड़ों श्रद्धालु व मंदिर में मौजूद पुजारी पानी की समस्या से परेशान हैं। जिलाधिकारी की पहल पर मन्दिर में पानी पहुंचाने का काम जल संस्थान ने शुरू कर दिया है।

# परेड की सलामी लेकर एसपी ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों का टर्न आउट देखा।

शुक्रवार को परेड ग्राउण्ड में मौजूद टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। परेड ग्राउण्ड में आरमोर्र शैलेन्द्र कुमार यादव ने पिस्टल, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन चलाने बाबत विस्तार से जानकारी दी। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से गन खुलवाकर अभ्यास कराया। पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा का भ्रमण कर थानों व पीआरवी वाहनों में रखे दंगा नियंत्रण उपकरण देखे। आवासीय परिसर में भ्रमण कर साफ-सफाई को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। मेस में भोजन गुणवत्ता देखकर साफ-सफाई से भोजन बनवाने के निर्देश दिये। सीपीसी कैन्टीन में कर्मचारियों के आवश्यकतानुसार सामग्री मंगवाने को कैंटीन प्रभारी से बात की। पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन को देखकर ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्दी पूरा करने के निर्देश दिये। आदेश कक्ष में पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम किया। इस मौके पर सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## 25 को लगेगा मानचित्र समाधान दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण से मंजूर भवन मानचित्रों के जल्द निस्तारण को प्राधिकरण माह के प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस लगाता है। अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में लगता है।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि २५ जुलाई को समाधान दिवस में सभी भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आर्कीटेक्ट मौजूद रहेंगे। सम्बंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निदान कर भवन मानचित्र मंजूरी की कार्यवाही की जायेगी।

# झमाझम बारिश को 108 घड़ा जल से भोलेनाथ का किया अभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में झमाझम बारिश की कामना को लेकर बुंदेली सेना ने १०८ घड़े मंदाकिनी नदी के जल से भोलेनाथ का अभिषेक किया। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच जल चढ़ाया। भोलेनाथ से जोरदार बारिश की कामना की गई।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले एक दशक से बारिश की कामना को लेकर भोलेनाथ का अभिषेक प्रतिवर्ष होता है। बारिश न होने से किसानों की धान की



जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

फसल सूख रही है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ के हालात हैं। जिले में किसान बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पुलघाट कर्वी स्थित शिवमंदिर में १०८ घड़े मंदाकिनी नदी के जल से महादेव का अभिषेक किया। जलाभिषेक बाद सामूहिक रूप से झमाझम बारिश की प्रार्थना की। बारिश की कामना को लेकर मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की जलहरी भरी जायेगी। जलहरी भरने की परम्परा दशकों पुरानी है। मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास व पुजारी विपिन बिहारी ने बताया कि रविवार गुरु पूर्णिमा पर जलहरी भरी जायेगी। जलाभिषेक में कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह पटेल, गोवर्धन प्रजापति, अशोक पटेल, धीरज रैकवार, गोपालकृष्ण यादव, बद्री प्रसाद, विष्णु सिंह पटेल समेत मंदिर में रोज शाम को एकजुट होने वाली आरती टीम के भक्तजन मौजूद रहे।

# सचिव उत्कर्ष सिंह ने भूसा के नाम डकारे लाखों रुपये

## प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली धनराशि

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सचिव उत्कर्ष सिंह की चोरी पकड़ी गई। फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये लूटने वाले सचिव का खुलासा लौढियामाफी गांव की प्रधान श्रीमती चम्पा देवी ने किया।

शुक्रवार को गायों के भूसा व सरिया फर्म के नाम पर सचिव ने फर्जी भुगतान कराया है। मानिकपुर ब्लाक के लौढियामाफी व कौबरा प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर से सचिव ने धनराशि निकाली है। प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में सचिव पर कार्यवाही की मांग की है। सचिव उत्कर्ष सिंह पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान चम्पा देवी ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी उत्कर्ष सिंह व शाखा प्रबंधक आर्यावर्त बैंक मानिकपुर की मिलीभगत से गौशाला संचालन को प्राप्त धनराशि का फर्जी ढंग से आहरण किया है। गौशाला संचालन को प्राप्त धनराशि का भूसा खरीदने को ग्राम पंचायत में टेंडर लगाया है। शिवम ट्रेडर्स के



प्रधान चम्पा देवी।

कोटेशन दर सबसे कम मिलने पर शिवम ट्रेडर्स से भूसा खरीदा गया। सचिव ने चहेते फर्म शारदा इंटरप्राइजेज के नाम चेक २५३८३२ से २६८२५० रुपये व चेक २५५३३ से २६९००० रुपये का भुगतान प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर भुगतान लिया है। इस बाबत सीडीओ ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांचकर दोषसिद्ध होने पर दोषी कर्मचारी पर कार्यवाही की जायेगी। प्रधान ने संघ के माध्यम से मामले की जानकारी बीडीओ मानिकपुर को दी है।

# सीडीओ के आदेशों को नहीं मान रहे जेई-एई

## नाली निर्माण में जारी है धांधली

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** विधायक निधि से पहाड़ी कस्बे में बरेठी रोड पर शांती देवी इंटर कॉलेज से १५० मीटर नाली निर्माण में धांधली जारी है। नाली की गुणवत्ता की जांच को सीडीओ के आदेश पर परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद आये थे।

शुक्रवार को पीडी की जांच रिपोर्ट बाद सीडीओ ने नाराजगी जताई। विधायक निधि के नाली को गिराकर स्टीमेट अनुसार नाली निर्माण कराने के आदेश दिये। सीडीओ के आदेश के बाद ग्रामीण



धांधली से बन रही नाली।

अभियंत्रण विभाग के जिम्मेदार अवर अभियंता जितेंद्र कुमार व सहायक अभियंता आशुतोष कुमार मनमानी पर उतारू हैं। सीडीओ के आदेशों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। गुरुवार को जल भराव से नाली में खराब ईंट बिछाकर ऊपर से दो इंच गिट्टी-बालू कम मात्रा में सीमेंट डालकर खानापूरी कर रहे हैं। स्टीमेट में सतह में मोरम व ईंट बिछाकर १-६-१२ अनुपात अनुसार पीसीसी नहीं की। नाली की दीवार का कार्य प्रस्तावित था। परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद ने जांच आख्या दे दी है। मुख्य विकास अधिकारी के आदेशों के बाद भी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग निर्माणधीन नाली में अलग से सामग्री डालकर खानापूरी में जुटा है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एफडीआर टेक्नोलॉजी के निर्माणाधीन सड़क व प्रस्तावित नाली की जांच होने पर कार्यदायी संस्था की बड़ी पोल खुलेगी। देखना है कि सीडीओ अमृतपाल कौर के आदेशों का उल्लंघन करने वाले जेई व सहायक अभियंता पर क्या कार्यवाही होती है। फिलहाल विधायक निधि से कस्बा पहाड़ी स्थित शांति देवी इंटर कॉलेज से १५० मीटर नाली घटिया मानकविहीन स्टीमेट से हटकर बनाई जा रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से बालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के गनीवा चैकी में कंधवनिया गांव में अपरान्ह ढाई बजे आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिग लड़के की मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। राजापुर तहसील के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर परिजनों के सहयोग से सीएचसी राजापुर लाये, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को गांव के बाहर साथियों के साथ करन पुत्र दिलखुश कंधवनिया खेल रहा था। अचानक गरज चमक से बारिश होने लगी। बारिश से बचने को मन्दिर में साथियों समेत पहुंच गया। कुछ देर बाद बिजली गिरने से करन की मौत हो गई। सारे बच्चे बाल-बाल बच गये। बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। पिता दिलखुश व मां नीतू समेत अन्य परिजन आनन-फानन में सीएचसी लाये। प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने मृत घोषित कर दिया। करन की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक घर में बडा था। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि कंधवनिया चैकी प्रभारी अनिल सिंह ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# मुख्य अभियंता (बेतवा) ने सिंचाई कार्यों का किया निरीक्षण

## मुख्य अभियंता ने हरिशंकरी पौध लगा किया पौधरोपण शुरुआत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य अभियंता (बेतवा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग झांसी अम्बुज कुमार द्विवेदी व अधीक्षण अभियंता बांदा श्यामजी चैबे तथा अधीक्षण अभियंता महोबा चंद्रशेखर कुमार मंगलम ने रसिन बांध में प्रस्तावित बरुवा-रसिन लिंक परियोजना बाबत जानकारी ली। बरुवा बांध पर चल रहे बरुवा रेस्टोरेशन के कार्यों की परियोजना व बरुवा मुख्य नहर की परियोजना का निरीक्षण किया।शुक्रवार को मुख्य अभियंता अम्बुज कुमार द्विवेदी ने वर्षाकाल में बांध की मिट्टी कटान रोकने को डैम स्लोप में घास लगाने के निर्देश दिये, ताकि डैम पर डाली गई नई मिट्टी की कटान रुक सके। कार्यों को शासन की प्राथमिकता पर समय से पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्य अभियंता ने मानिकपुर ब्लाक में पनहाई टैंक, जरेरा टैंक के सीपेज नियंत्रण व सकरौंहा बंधी के कार्यों को देखा। अधिकारियों ने वृक्षारोपण के तहत २० जुलाई को लगने वाले पौध की शुरुआत हरिशंकरी पौध बरुवा डैम कालोनी में लगाया। निरीक्षण दौरान अधिशासी अभियंता एसके प्रसाद, सहायक अभियंता गुरु प्रसाद, रूपेश कुमार पांडेय, फूल सिंह, भीखम चंद तथा जेई अजय कुमार, जय प्रकाश, देवेंद्र शुक्ला,



रसिन बांध का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता बेतवा।

अवधेश कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, चंद्रकांत गुप्ता व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लेखपालों पर नहीं है कोई अंकुश

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील सभागार से लेखपाल गायब रहते हैं। ज्यादातर लेखपाल फोन नहीं उठाते। दूरदराज से जरूरतमंद लोग तहसील लेखपालों से मिलने आते हैं। लेखपालों के न मिलने पर लौट जाते हैं। लेखपालों की कारगुजारी पर एसडीएम पंकज वर्मा अंकुश नहीं लगा पा रहे। शुक्रवार को तहसील सभागार से लेखपाल नदारद मिले। दूर-दराज से आये लोगों ने बताया कि लेखपालों के न मिलने से उनके काम नहीं हो रहे। कोई भी लेखपाल बिना पैसे के काम नहीं करते। मारकुण्डी क्षेत्र के लेखपाल जमीनों की खरीद-फरोख्त में लगे रहते हैं। कई बार एसडीएम से शिकायत की गई। लेखपाल पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मारकुण्डी क्षेत्र का लेखपाल लोगों को जमीनें खरीदवाने का काम करता है। उसने आदिवासी कोलों की जमीनें भू-माफियाओं को बिकवाई है। जमीन बिकवाकर दोनों ओर से लेखपाल कमीशन खाता है। क्षेत्र के लोगों के कोई काम नहीं करता। जमीन की पैमाइश हो या अन्य कोई कार्य। हर कार्य में लेखपाल पैसों की मांग करते हैं।

# राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान में लगाये फलदार पेड

## पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने की पहल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर लिये संकल्प राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष/एआईसीसी सदस्य पंकज मिश्र आदि ने बडे पैमाने पर वृक्षारोपण किया।

शुक्रवार को राहुल गांधी जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। प्रदेश के सभी एक लाख बासठ हजार बूथों पर



वृक्षारोपण करते पंकज मिश्र आदि।

पेड़ लगाकर सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की है। कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजनारायण यादव, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता आदि ने मानिकपुर विधानसभा के सरैंया के बूथ ३०८, ३०९, ३१० व अगरहुंडा गांव के बूथ २८९, २९०, २९१ व खिचरी गांव के बूथ ३७६ पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत फलदार वृक्ष आम आदि के पौधे लगाये। पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शिवपूजन पटेल, सन्तोष यादव व राजू कोल को सौंपी। अभियान शुरू करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि चित्रकूट समेत पूरे प्रदेश में छद्यम विकास की कीमत वृक्षों व पर्यावरण को चुकानी पड़ रही है। ये आम जनता के जीवन से खिलवाड़ है। सरकार पुराने वृक्ष कटवा रही है, उनकी जगह नये वृक्ष सरकारी कोरम पूरा करने को लगवा रही है। पुराने वृक्ष कट तो रहे हैं, नये वृक्ष तैयार नहीं हो रहे, ये निंदनीय है। राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान एक माह तक चलेगा। पूरी मानिकपुर विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम एक वृक्ष जरूर लगाकर सुरक्षा की जाएगी। इस मौके पर नत्थू यादव, शिवपूजन पटेल, राजू कोल, ललित कुमार, रामनरेश, सन्तोष यादव, सुनील यादव, चुनाई यादव, अशोक यादव, शिवकुमार कोल आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से निजात दिलाने को विधायक ने किया प्रदर्शन



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते विधायक आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा से सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में उनके साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन कर बिजली विभाग कार्यालय के बाहर धरना दिया।शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सीयूजी नंबर बंद किये रहते हैं। भीषण उमस भरी गर्मी में जनता बेहाल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली कटौती को सख्त निर्देश दिये हैं। चित्रकूट के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश का पालन नहीं कर रहे। किसी ग्राम पंचायत का ट्रांसफॉर्मर जल जाता है तो अधिकारी कहते हैं कि पूरे गांव के लोग बिल जमा करें, तभी नया ट्रांसफार्मर लगेगा। बिजली विभाग में कार्यरत नोडल पर अवैध वसूली का आरोप लगाया।

चेताया कि ये मुद्दा विधानसभा में उठेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में २४ घंटे में आठ घंटे बिजली दी जाती है, उसमें भी लो-वोल्टेज रहता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन लगाते हैं तो कोई सुनने को तैयार नहीं है। समस्या का समाधान न हुआ तो बड़े पैमाने पर प्रदर्शन होगा। विधायक ने कहा कि सैकडों किसानों के निजी ट्यूबवेल को पैसा जमा होने के बाद भी सामग्री नहीं दी जा रही। विधायक निधि से पैसा देन के बाद आठ माह से ट्रांसफार्मर, पोल व तार नहीं लगाये गये। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिलाधिकारी को शासन को पत्र लिखने को कहा। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि वह १५ दिन पहले आये हैं। उन्हें समय दिया जाये। विधायक ने एक हफ्ते का उन्हें समय दिया। धरना-प्रदर्शन में मानसिंह पटेल, जनार्दन पटेल, अनिल पटेल, मो अरशद खां, अवनीश पटेल, अखिलेश कुमार, बुद्ध विलास, नाथूराम, कमलेश यादव, दिलीप कुमार, दयाराम, दिनेश, सुरेश, कुलदीप, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म-पाक्सो एक्ट वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि २३ जून २०२४ को वादी ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि राजू उर्फ बलराम पुत्र रामभवन सभापुर तरांव नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मामला दर्जकर लड़की की बरामदगी व गिरफ्तारी को दरोगा अनिल कुमार मिश्रा को निर्देश दिये। दरोगा अनिल कुमार



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

मिश्रा की टीम ने ११ जुलाई को नाबालिग बालिका को बरामद किया। शुक्रवार को वांछित राजू उर्फ बलराम पुत्र रामभवन सभापुर तरांव को गिरफ्तार किया। पीड़िता के बयान व डाक्टरी परीक्षण पर मामले में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारायें बढाई। टीम में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा व सिपाही नीलेश कुमार शामिल रहे।

## अमेरिकी कॉमेडियन बॉब न्यूहार्ट का 94 वर्ष की आयु में निधन



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी कॉमेडियन बॉब न्यूहार्ट का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार को यहां अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनके जनसंपर्क अधिकारी जेरी डिग्नी ने इसकी पुष्टि की है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में जेरी डिग्नी के हवाले से कहा गया है कि बॉब न्यूहार्ट ने 1960 में हकलाने वाले एवरीमैन किरदार के रूप में कॉमेडी जगत में कदम रखा। वो अपने लंबे करियर में टेलीविजन के दो सबसे यादगार सिटकॉम शामिल हुए। उनके कॉमेडी एलबम "द बटन-डाउन माइंड ऑफ बॉब न्यूहार्ट" को लोग कभी नहीं भूल सकते। इस एलबम को 1961 के ग्रैमी अवार्ड्स में शीर्ष पुरस्कार मिला।

## डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में बोले, यह लड़ाई महान देश अमेरिका के लिए है



**वाशिंगटन।** अमिरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का नामांकन औपचारिक तौर पर स्वीकार कर लिया। मिलवाकी में आयोजित रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में ट्रंप ने कहा कि वह आत्मविश्वास, शक्ति और आशा के संदेश के साथ खड़े हैं। वह सिर्फ आधे अमेरिका के लिए नहीं लड़ रहे। वह महान देश के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। चार महीने बाद हमें अविश्वसनीय जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद देश के इतिहास में सबसे महान शुरूआत की जाएगी। इस दौरान उन्होंने खुद पर हुए जानलेवा हमले को भी याद किया। उन्होंने कहा कि वह बहुत दर्दनाक पल था। उस पल को बयां नहीं किया जा सकता। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में हिस्सा लेने पहुंचे अमेरिकी प्रतिनिधि पीट सेशंस ने कहा कि न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया का ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि पेंसिल्वेनिया के बटलर में हत्या के प्रयास के बाद रिपब्लिकन पार्टी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भविष्य के प्रति कैसा रुख अपनाते हैं। पीट सेशंस ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी मानती है कि ऐसे लोग हैं जो उनसे असहमत हैं और नहीं चाहते कि वे सफल हों, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप एक मजबूत आवाज होंगे और पार्टी इस दृष्टिकोण पर काबू पा सकती है।

ओहियो से अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस ने बुधवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में अपने मुख्य भाषण में ट्रंप की प्रशंसा की और कहा कि वह "लोगों की परवाह करते हैं।" उन्होंने ट्रंप के एकता के आह्वान की भी सराहना की और कहा, मेरे साथी रिपब्लिकन, आप सभी के लिए मेरा संदेश है कि हम इस देश से प्यार करते हैं और हम जीतने के लिए एकजुट हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में ट्रंप के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने खुद आइसोलेट कर लिया है।

## तेल अवीव में अमेरिकी दूतावास के पास ड्रोन हमला, 10 घायल, सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद



**तेल अवीव:** इजरायल की राजधानी तेल अवीव में शुक्रवार को संदिग्ध ड्रोन से हमले की खबर आई है. जानकारी के मुताबिक इस हमले में एक की मौत हुई है. वहीं, कम से कम 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं. बता दें, आज सुबह अचानक तेल अवीव में वॉर सायरन की आवाजें सुनाई दीं। इजरायली सुरक्षा बलों ने बताया कि ड्रोन से विस्फोट के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. ताजा जानकारी में पता चला है कि इस हमले की जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोही समूह ने ली है. इस गुट के प्रवक्ता ने कहा कि हमने कब्जे वाले फिलस्तीन में तेल अवीव को निशाना बनाया है। इस हमले के बाद इजरायली सुरक्षा बलों ने बयान जारी किया है. आईडीएफ ने कहा कि अमेरिका के दूतावास कार्यालय के पास एक बड़ा विस्फोट हुआ है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है. आगे कहा कि हम यह भी पता लगाने की कोशिश में जुटे हैं कि देश का एयर सिस्टम इस हवाई हमले को क्यों नहीं रोक सका।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश में छात्र आंदोलन से हालात बिगड़े, तीन और की मौत, अब तक 28 की जान गई



**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे छात्रों के विरोध प्रदर्शन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। राजधानी ढाका के रामपुरा-बड़ा इलाके में आज ताजा झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई। इससे पहले कल ढाका और अन्य जगहों पर हुई हिंसा में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ आंदोलन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। देश के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण को खत्म किया जाए। अब तक हुई हिंसा में 2,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार अब्दुल गनी (45), रकीब (22) और रसेल की जान गई है। अब्दुल गनी और रकीब को आज दोपहर करीब दो बजे ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। जांच के बाद ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने दोपहर 2:20 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा रामपुरा के फराजी अस्पताल में रसेल को मृत घोषित कर दिया गया। फराजी अस्पताल में करीब 200 घायल लोगों को भी पहुंचाया गया है।

छात्र आंदोलन के प्रमुख समन्वयकआसिफ महमूद ने कहा कि देशभर में पूर्ण नाकाबंदी जारी रहेगी। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के राजधानी में सभी प्रकार की सभाओं और जुलूसों पर प्रतिबंध के आदेश के बावजूद आंदोलनकारियों के समूह प्रदर्शन कर रहे हैं। आज सुबह 10 बजे राजधानी के रामपुरा और बड्डा इलाके में पुलिस के साथ इनकी झड़प हुई है। दोपहर तीन बजे से पहले इन दोनों स्थानों पर हेलिकॉप्टर गश्त करते दिखे। राजधानी के प्रेस क्लब, सेगुनबागीचा, शिल्पकला, विजयनगर और पुराना पलटन समेत आसपास के इलाकों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी नेता और कार्यकताओं से पुलिस का टकराव हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव की संयम बरतने की अपीलः संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी पक्षों से संयम बरतने और बांग्लादेश सरकार से बातचीत के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की अपील की है। उन्होंने कहा हिंसा कोई हल नहीं है।

आंदोलन की वजहः ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्धनायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। सरकार की हठधर्मिता से कल गुरुवार को आंदोलन हिंसक हो गया।

शेख हसीना ने कहा, धैर्य रखेंः देश में जारी छात्र आंदोलन के बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक धर्य रखें। उन्होंने भरोसा जताया है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा।

## ब्रिटेन में चुनाव के बाद दंगा, 'जलता रहा लीड्स का हेयर हिल्स'





**लंदन।** संसदीय चुनाव के बाद ब्रिटेन में हिंसा की चिंगारी भड़क उठी है। लीड्स के हेयर हिल्स में हुए दंगे की डरावनी तसवीरें सामने आई हैं। दंगों का सबसे ज्यादा कहर सड़कों पर बरपा है। बेखौफ दंगाइयों ने पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर कई जगह आगजनी की। बसें फूंक दी हैं। उपद्रवियों ने एक बस में आग लगा दी और पुलिस की गाड़ी को पलट दिया। पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए नागरिकों से घरों में रहने की अपील की है। समूचे हेयर हिल्स में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

द गार्जियन अखबार की खबर के मुताबिक, यह उपद्रव हेयर हिल्स के लक्सर स्ट्रीट में चाइल्ड केयर सरकारी एजेंसी के कुछ लोगों के बच्चों को ले जाने के बाद यह शुरू हुआ। प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि एजेंसी बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखे। लोग इसी का विरोध कर रहे हैं। दंगे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हेयर हिल्स में ये दंगाई मास्क पहने घूमते नजर आ रहे हैं।

स्काई न्यूज की खबर में कहा गया है कि दंगों का कारण चाइल्ड केयर एजेंसी का स्थानीय बच्चों को लेकर जाना रहा। एक रेस्तरां मालिक के अनुसार, स्थानीय बच्चों को ले जाने का लोगों ने विरोध किया। लक्सर रोड से उपद्रव की शुरूआत हुई। वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस ने कहा है कि एक डबल-डेकर बस में आग लगाकर एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को चौपट करने की कोशिश की गई। इस स्थिति के लिए जवाबदेह लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

पुलिस का कहना है कि यह अव्यवस्था आपराधिक अल्पसंख्यक समूह ने पैदा की। गृह सचिव यवेटे कूपर ने कहा है कि अशांति के दृश्य स्तब्ध करने वाले हैं। पार्षद सलमा आरिफ ने लोगों से घरों पर रहने की अपील की है।

वेस्ट यॉर्कशायर की मेयर ट्रेसी ब्रेबिन ने दंगों से निपटने के लिए आपातकालीन सेवा के अधिकारियों का आभार जताया है। स्थानीय सांसद रिचर्ड बर्गोन ने कहा है "मैं संसद से लीड्स वापस जा रहा हूं। पुलिस और संबंधित निवासियों के संपर्क में हूं। लीड्स में फर्स्ट बस के प्रवक्ता ने कहा है हमारे दो वाहन आज शाम अव्यवस्था में फंस गए। हमारे दोनों ड्राइवर सुरक्षित हैं और यात्रियों के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। हमारी एक खाली बस को आग लगा दी गई।

## जानलेवा हमले के बाद पहली बार मंच पर आए ट्रंप, भाषण में किया एकता का आह्वान -

**मिल्वौकी:** हत्या के प्रयास से बचने के बाद अपने पहले बड़े सार्वजनिक संबोधन में, डोनाल्ड ट्रंप ने एकता का आह्वान किया. इससे पहले शुक्रवार रात को उन्होंने अपनी रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के नामांकन को स्वीकार किया. अपने संबोधन में उन्होंने एक ऐसी सरकार देने का संकल्प लिया जो नवंबर में उनके चुने जाने पर अमेरिकी इतिहास के चार सबसे महान वर्षों की शुरूआत करेगी। 78 वर्षीय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार रात रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में मंच पर अपनी पार्टी के नामांकन को लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए स्वीकार किया. ट्रंप ने पिछले सप्ताह अपने ऊपर हुए हमले के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने अमेरिकियों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया.

इसलिए आज रात, विश्वास और भक्ति के साथ, मैं गर्व से संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए आपके नामांकन को स्वीकार करता हूं, ट्रंप ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा. अपने भाषण में, ट्रंप ने अमेरिकियों से 5 नवंबर को व्हाइट हाउस की दौड़ जीतने में उनकी मदद करने का आग्रह किया। आज रात, मैं आपकी भागीदारी, आपके समर्थन के लिए कहता हूं, और मैं विनम्रतापूर्वक आपका वोट मांगता हूं।

## नेपाल में प्रतिनिधि सभा की डिप्टी स्पीकर पर पैसे लेकर अमेरिकी वीजा दिलाने का आरोप

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की डिप्टी स्पीकर इंदिरा राना पर पैसे लेकर कुछ लोगों को अमेरिकी वीजा दिलाने का आरोप लगा है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को सिफारिशी पत्र लिखा था। इस पत्र के सार्वजनिक होने के बाद सत्तारूढ़ दल ने राना को उनके पद से हटाने की मांग की है।

मीडिया में सकुर्लेट किए गए पत्र के मुताबिक इंदिरा राना ने एक गैर सरकारी संगठन के कार्यक्रम में अमेरिका जाने के लिए कुछ लोगों को वीजा देने को लेकर अमेरिकी दूतावास को सिफारिशी पत्र लिखा था। जिन लोगों का नाम उनके पत्र में है उनमें से ही कुछ लोगों ने मोटी रकम लेकर वीजा की सिफारिश का आरोप भी लगाया है। हालांकि डिप्टी स्पीकर राना ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि जो पत्र मीडिया में सकुर्लेट किया गया है वह फेक है।

डिप्टी स्पीकर जिस पार्टी से जुड़ी हुई हैं वहां भी इस बात की शिकायत तीन महीने पहले ही किए जाने की बात भी पार्टी के सूत्रों ने मीडिया को दी। रवि लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद इंदिरा राना के खिलाफ पार्टी में भी लिखित शिकायत दर्ज किए जाने का दावा किया गया है। पैसे देकर वीजा लेने वालों का दावा है कि उन्होंने प्रति व्यक्ति 25 से 30 लाख रुपये दिए जिसके बाद राना ने अमेरिकी दूतावास को पत्र लिखा था। मीडिया में सकुर्लेट



पत्र के मुताबिक इंदिरा राना ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को पत्र लिख कर एक गैर सरकारी संस्था के कार्यक्रम में अपने साथ आधा दर्जन लोगों को ले जाने की बात कहते हुए उन्हें भी वीजा देने की सिफारिश की है। इस पत्र में कहा गया है कि उनके साथ जाने वाले सभी नेपाल के सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हैं और उनका अमेरिका में होने वाले इस कार्यक्रम में जाना अत्यावश्यक है।

डिप्टी स्पीकर के द्वारा लिखे गए इस पत्र के सार्वजनिक होने के बाद सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने राना को पद से हटाने की मांग की है। नेपाली कांग्रेस के महामंत्री विश्वप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह सीधा सीधा मानव तस्करी का मामला है और इस मामले में संलग्न होने के कारण इंदिरा राना को डिप्टी स्पीकर पद से तत्काल हटाना चाहिए। सत्तारूढ़ सीपीएन (यूएमएल) के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला ने कहा कि जो पार्टी हमेशा दूसरे दलों पर उंगलियां उठाती है और जिस पार्टी के नेता रवि लामिछाने दूसरे नेताओं को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं उनकी अपनी पार्टी में ही सारे नेता एक के बाद एक विवादों में फंसते जा रहे हैं।

## चीन के वरिष्ठ जनरल पर भ्रष्टाचार की आंच, जांच कराने की घोषणा



**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने परमाणु शस्त्रागार की देखरेख करने वाले एक और वरिष्ठ जनरल के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने की घोषणा की है। पहले भी इस बल के आला अफसर भ्रष्टाचार के आरोपों पर जांच के घेरे में आ चुके हैं।

सत्तारूढ़ पार्टी की तीसरी पूर्ण बैठक के अंतिम दिन गुरुवार को जनरल ली शांगफु और जनरल ली युचाओ को बर्खास्त करने के पोलित ब्यूरो के पूर्व में लिए गए निर्णय की पुष्टि की गई। साथ ही जनरल सुन जिनमिंग के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की गई।


## नेपाल बस हादसा: बिहार के बगहा से दो शव और बरामद, दोनों बसों का कोई सुराग नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले हफ्ते दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के आठ दिन बाद शुक्रवार को बिहार के बगहा से दो शव और बरामद किए गए। इस दुर्घटना में लापता हुए 65 यात्रियों में से अब तक कुल 22 के शव बरामद किए जा चुके हैं। दोनों बसों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

राहत एवं बचाव अभियान में जुटे नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल के प्रवक्ता शैलेन्द्र थापा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि भारतीय सीमा में बहने वाली नारायणी नदी से दो शव बरामद किए गए हैं। दोनों शव बस दुर्घटना में लापता हुए यात्रियों के हैं। थापा के मुताबिक भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों को दो शव बिहार के बगहा में बहने वाली नारायणी नदी के तट पर मिले। एसएसबी के जवान दोनों शवों को नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल को सौंपेंगे। थापा के मुताबिक अब तक बरामद किए 22 शवों में से सिर्फ 14 की पहचान हो पाई है। अधिकांश शव नारायणी नदी (गंडक नदी) से ही बरामद किए गए हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट में क्यों आई तकनीकी खराबी, क्या है क्राउडस्ट्राइक सिस्टम, जानें




**नई दिल्ली:** भारत, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों सहित दुनिया भर में कई आईटी सिस्टम में एक बड़ी साइबर आउटेज से तकनीकी सेवाएं प्रभावित हुई हैं. सॉफ्टवेयर में आई खराबी के कारण देश की एयरलाइन्स, बैंक और सुपरमार्केट्स की सेवाएं रूक-रूककर चल रही हैं. दुनिया भार में कई उड़ानें रद्द हो गई. न्यूज रीडर को ब्रॉडकास्ट करने में दिक्कते आ रही हैं. इसका प्रभाव ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में लाखों सिस्टम पर पड़ा है. यह यूएस साइबर सुरक्षा प्रोवाइडर क्राउडस्ट्राइक और इसके सॉफ्टवेयर फाल्कन सेंसर से संबंधित है.

**क्राउडस्ट्राइक फाल्कन क्या है?**

क्राउडस्ट्राइक दुनिया के सबसे बड़े साइबर सुरक्षा विक्रेताओं में से एक है, जो दुनिया भर में हजारों व्यवसायों को वायरस और साइबर हमलों से बचाव के लिए सॉफ्टवेयर सर्विस देता है. कंपनी का मुख्यालय ऑस्टिन, टेक्सास (अमेरिका) में है और इसमें लगभग 10,000 कर्मचारी हैं. क्राउडस्ट्राइक फाल्कन कंपनी का सॉफ्टवेयर है, यह कॉर्पोरेट सिस्टम पर बैकग्राउंड में रहता है, किसी भी वायरस और साइबर खतरों का पता लगाता है।